26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 27 अप्रैल, 2026

अंक- 182 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

जिले का पहला एवं एकमात्र
Sports Injury & Joint Replacement Centre

भगवती ऑर्थोपेडिक एण्ड स्पोर्ट्स इंजरी हॉस्पिटल

डॉ. मनु अग्रवाल
M.B.B.S., M.S. FITS, (Banglore)
FiAS, FIJR (JAIPUR)

-सुविधाएं-
1. घुटने की गद्दी ( MENISCUS ) फटना
2. लिगामेंट का टूटना ( ACL/PCL )
3. पुरानी चोट या आप्रेशन की वजह से घुटना ना मुड़ना
4. कंधे का बार-बार उतरना ( SHOULDER DISLOCATION ) 5. कंधे की नस का दबना या फट जाना ( Rotator Cuff Tear) 6. कुल्हे का बदलना ( DAA ) /घुटने का बदलना ( विदेशी Implant के साथ )
7. टूटी हड्डियों का Operation ( Titanium Implant से किया जाता है।

निम्न बीमारियों का आप्रेशन आयुष्मान योजना के अन्तर्गत भी होता है।



समय प्रातः 10 बजे से 3 बजे तक सायं 6 बजे से 7 बजे तक
रविवार अवकाश
पता- निकट रेलवे स्टेशन चौराहा, किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9829211842, 8218989411

## ट्रम्प बोले- ईरान के पास बहुत कम वक्त बचा है

# 3 दिन में सीजफायर की शर्त नहीं मानी तो तेल पाइपलाइन ब्लास्ट हो जाएंगी



वॉशिंगटन (एजेंसी/चिंगारी)। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रविवार को ईरान को चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि उसके पास युद्ध खत्म करने के लिए सीजफायर पर सहमत होने के लिए सिर्फ तीन दिन हैं, नहीं तो उसकी तेल पाइपलाइन में ब्लास्ट हो जाएगा। ट्रम्प ने कहा कि अगर ईरान तेल का निर्यात नहीं कर पाता, तो पाइपलाइन में दबाव बढ़ेगा। ऐसा इसलिए होगा क्योंकि तेल को जहाजों या स्टोरेज टैंकों में भेजने का रास्ता बंद है और उस पर नाकेबंदी लगी हुई है। उन्होंने दावा किया कि जब तेल का बहाव अचानक रोकना पड़ता है, तो पाइपलाइन के अंदर दबाव बनता है और तकनीकी व प्राकृतिक कारणों से वह फट सकती है। ट्रम्प के मुताबिक, अगर ऐसा हुआ तो पाइपलाइन को पहले जैसी हालत में दोबारा बनाना लगभग नामुमकिन होगा और उसकी क्षमता भी काफी घट जाएगी। ईरान ने अमेरिका के साथ समझौते को लेकर सख्त रुख अपनाया है। उसने कहा है कि न्यूक्लियर कार्यक्रम और होर्मुज स्ट्रेट के मुद्दे पर कोई समझौता नहीं किया जाएगा। ईरान की सरकारी मीडिया के मुताबिक, यह संदेश पाकिस्तान के जरिए अमेरिका तक पहुंचाया गया है। ईरान ने इन दोनों मुद्दों को अपनी 'रेड लाइन' बताया है और कहा है कि इन पर किसी भी तरह का समझौता संभव नहीं है। साथ ही, यह भी साफ किया कि यह कोई औपचारिक बातचीत नहीं है, बल्कि अपनी स्थिति साफ करने की एक कूटनीतिक पहल है।

## अध्यापिकाओं की आवश्यकता

बाल विद्या निकेतन ( जूनियर हाईस्कूल ) नई बस्ती, बिजनौर के लिये गणित, विज्ञान एवं अंग्रेजी की अध्यापिकाओं की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थिनी चार मई 2026 सोमवार की सुबह 9 बजे अपने व्यय पर विद्यालय प्रांगण ( करबला के पास ) में साक्षात्कार हेतु उपस्थित हों।

डॉ. ओ.पी. गुप्ता, प्रबंधक, 8447871425

पूनम त्यागी, मुख्य अध्यापिका, 8958254011

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़
बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE






डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
( गुदा रोग विशेषज्ञ )
आने से पहले कॉल करें-
प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा ( चांदपुर ) में मिलें
Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104
सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर
पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर
पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए. और भी देशों से
अंजुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S.
BDS, BAMS, BUMS, BHMS, BEMS
Since 2010
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्ड्री, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD: MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, OPPOSITE TIRANGA ENTERPRISES, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P.)

## राघव चड्ढा, संदीप पाठक समेत सात नेता अब भाजपा सांसद

राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी (आप) के सात सांसदों के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में विलय को आधिकारिक मंजूरी दे दी है। इस फैसले के बाद उच्च सदन में आप की स्थिति कमजोर हो गई है। संसद की आधिकारिक वेबसाइट पर भी इन सातों सांसदों को अब भाजपा सदस्य के रूप में सूचीबद्ध कर दिया गया है, जिससे राजनीतिक समीकरण पूरी तरह बदल गए हैं।

# बिजनौर गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने एक बेटी की फीस डोनेट की

बिजनौर ( चिंगारी )। गोल्डेन लायनेस क्लब मेन ने रेनबो स्कूल में पढ़ने वाली एक गरीब बच्ची को शिक्षा जारी रखने के लिये उसकी फीस 3100 रुपये डोनेशन के रूप में दी। शिक्षा दान महादान है के तहत फीस डोनेशन का प्रोजेक्ट किया गया।



## सूखा अनाज भी वितरित किया

सभी के लिये शिक्षा प्राप्त करना उसका अधिकार है, जो देश की प्रगति के लिये भी जरूरी है। इसके अलावा सेवा समर्पण के उद्देश्य के तहत बृज गौशाला में गौसेवा में लगे हुये लोगों के लिये सूखा अनाज वितरित किया, जिसमें 20 किलो गेहूं, 1 कट्टा आटा, 10 कि. चावल, 5 कि. चीनी, 2 कि. मटरा, 2 कि. अरहर दाल, 2 कि. सूजी, 2. कि. मैदा, 5 कि. कुकिंग ऑयल, 2 कि. नमक इत्यादि सामान था। गौशाला की रसोई सम्हालने वाले आचार्य जी के हाथों में सौंपा। इन दोनों प्रोजेक्ट्स में सभी सदस्यों का सहयोग रहा, जिसके लिये अध्यक्ष आशा अग्रवाल, सचिव विनीता रघुवंशी एवं ट्रेजरार नीतू अग्रवाल ने उनका आभार व्यक्त किया।

# बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों को सम्मानित किया

हल्दौर ( चिंगारी )। जीएसएन इंटरनेशनल एकेडमी हल्दौर में बोर्ड कक्षाओं में उत्तीर्ण हुए विद्यार्थियों के लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह का शुभारंभ प्रबंधक रघुराज सिंह नागर ने सभी बच्चों को आशीर्वाद एवं शुभकामनाएं देकर प्रारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को समझाया कि किस प्रकार सामाजिक जीवन में सफलता प्राप्त की जा सकती है। साथ ही विद्यार्थियों से आह्वान किया कि मोबाइल फोन एवं असामाजिक गतिविधियों से दूरी बनाकर ही आप एक अच्छे नागरिक एवं आकर्षक व्यक्तित्व के स्वामी बन सकते हैं। कक्षा 10 एवं 12 के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को उनके साथ आए अभिभावकों द्वारा ही मेडल पहनाकर स्वागत किया गया। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों का स्वागत भी किया गया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय व्यवस्था प्रमुख विकास पंकज द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या स्वाति पाराशर द्वारा सभी को धन्यवाद देते हुए वर्तमान में कक्षा 10 एवं 12 के विद्यार्थियों को स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम में निशा राजपूत, अर्जुन सिंह, अपूर्व कुमार, विशाल चाहल, स्वाति वर्मा, नमिता रस्तोगी आदि सभी शिक्षकों का सहयोग रहा।



## हनी फैसल के जिलाध्यक्ष बनने से युवाओं में उत्साहः राशिद अंसारी

नजीबाबाद ( चिंगारी )। समाजवादी पार्टी यूथ ब्रिगेड के पूर्व जिला सचिव राशिद अंसारी ने हनी फैसल को समाजवादी पार्टी बिजनौर का जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर हर्ष व्यक्त करते हुए पार्टी हाई कमान का धन्यवाद तथा हनी फैसल को मुबारकबाद पेश की है। उन्होंने कहा कि हनी फैसल के अध्यक्ष बनने से युवाओं में उत्साह देखने को मिल रहा। युवा को अध्यक्ष बनाना पार्टी हितकारी है। इससे जिले के संगठन को मज़बूती मिलेगी। युवा मन लगाकर पार्टी के लिए काम करेंगे। समाजवादी पार्टी को जनपद में नई पहचान व मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर फैसल सैफी, नाज़िम, इमरान, इरशाद, मुन्ना, राशिद, शहंशाह, ताहिर, ज़ीशान, तेजपाल, सोनू, अफ़ज़ाल आदि मौजूद रहे।

## ढिल्लो ने शिक्षकों के परिदृश्यों को पुनर्जीवित करने में भूमिका निभाई

नजीबाबाद ( चिंगारी )। सन शाइन पब्लिक स्कूल फजलपुर तबेला में एमएलसी डॉ. हरिसिंह ढिल्लो ने सभी शिक्षकों के परिदृश्यों को पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शैक्षणिक मानकों को बढ़ाने के दृढ़ प्रतिबद्धता के साथ उन्होंने ऐसे सुधारों का नेतृत्व किया है, जिन्होंने विद्यालयों का कायाकल्प किया है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे अपने अधिकारों के लिए आगे आएं, किसी भी प्रकार के अत्याचार का सामना करने में वह उनके साथ हैं। उन्होंने कहा कि डिजिटलीकरण को बढ़ावा देकर छात्रों व शिक्षकों दोनों के लिए एक सहायक माहौल की वकालत करके उन्होंने आने वाली पीढ़ियों के लिए रास्ते तैयार किए हैं। उनकी बातों का समर्थन करते हुए विद्यालय के प्रबंधक विनोद मित्तल, शिक्षक आयुष ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह, विनय कौशिक व वसीम बक्श ने शिक्षकों के साथ मिलकर उनके सहयोगी कार्यों में साथ रहने के लिए आश्वस्त करते हुए कि वह उनके साथ हैं।

## घायल मिले बाइक सवार की उपचार के दौरान मौत

मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )। मंडावली पुलिस को बीती रात्रि में सूचना मिली कि पूर्वी गंग नहर पटरी पर एक बाइक सवार युवक सड़क किनारे घायल अवस्था में पड़ा हुआ है। सूचना पर भागूवाला पुलिस चौकी इंचार्ज संजय कुमार, एसएसआई योगेंद्र सिंह मौके पर पहुंचे तथा गंभीर रूप से घायल बाइक सवार युवक को समीपुर अस्पताल पहुंचाया, जहां पर उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान महेश राठौर उर्फ छोटू (26वर्ष) पुत्र अमरनाथ राठौर निवासी मौहल्ला कुंवरपुर थाना किला, जनपद बरेली के रूप में हुई। पुलिस के द्वारा मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस मृतक के शव को पीएम के लिए भेज जांच में जुट गई है।

## सूचना

मैंने अपने पुत्र मौ. तारिक उर्फ शाहरूख को बेदखल कर दिया था, जिसने अब अपनी गलती का सुधार कर लिया था और उसने सारी बुरी संगत छोड़ दी है। वह अब मेरे व मेरे परिवार के कहने में है। मैं अपने पुत्र की बेदखली समाप्त करता हूं।

**-मुनव्वर हसन पुत्र मेहंदी हसन, निवासी ग्राम औरंगाबाद उर्फ हुसैनपुर, थाना किरतपुर, तहसील नजीबाबाद, जिला बिजनौर ( उत्तर प्रदेश )**

## गैस गोदाम के पास झाड़ियों में भीषण आग लगने से हड़कंप मचा

नजीबाबाद ( चिंगारी )। बीती रात रायपुर मार्ग स्थित भारत गैस एजेंसी के गोदाम के समीप झाड़ियों में भीषण आग लगने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी ने मौके पर पहुंचकर वहां काफी दूरी में खड़ी झाड़ियों में लगी आग काफी मशक्कत के बाद बुझाई। जिस स्थान पर यह आग लगी वहां पास में ही भारत गैस एजेंसी का गोदाम स्थित है, जहां हर समय भरे हुए गैस सिलेंडर स्टॉक में बड़ी संख्या में रखे रहते हैं। आग का पता लगने तथा जल्दी ही इस पर काबू पाने से भीषण हादसा टल गया।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आवश्यकता है धामपुर में
शोरूम पर कार्य करने हेतु कुशल
शोरूम मैनेजर व मैकेनिक की।
सम्पर्क करें- मो. 8192801901



Dhruvika Motors LLP

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

संस्कृत भाषा को जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी : जितेन्द्र पाल ( पेज 6 )



# पैजनिया में बुखार का जबरदस्त प्रकोप

## बच्ची की मौत, कई अन्य बच्चे पीड़ित

**पैजनिया ( चिंगारी )।** गांव पैजनिया में फैले बुखार से एक मासूम बच्ची की मौत हो गई, जबकि कई बच्चे इस बुखार से पीड़ित हैं। गांव निवासी फरमान ने बताया कि उसकी 2 वर्षीय पुत्री नव्या पिछले तीन दिनों से बुखार से पीड़ित थी, जिसका चांदपुर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा था। सोमवार को उपचार के दौरान नव्या ने दम तोड़ दिया, जिससे परिवार में कोहराम मच गया। इसके अलावा गांव में माधव पुत्र अभिषेक डेढ़ वर्ष, आयरा पुत्री फुरकान 3 वर्ष, गौरांश पुत्र राजकुमार 9 वर्ष, यश पुत्र रविंद्र 11 वर्ष, आर्यन पुत्र नरेंद्र 10 वर्ष


बच्ची का फाइल फोटो

सहित दर्जनों बच्चे इस बुखार की चपेट में हैं, जिनका आसपास के निजी अस्पतालों में उपचार कराया जा रहा है। इस संबंध में नूरपुर स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डा.अजय गंधर्व ने बताया उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं है। उन्होंने बताया कि अभी वायरल बुखार का कोई मामला सामने नहीं आया है। उनका कहना है कि हीट वेव के कारण बच्चों में बुखार के लक्षण हो सकते हैं, जिसकी स्वास्थ्य कर्मियों की टीम भेज कर जांच कराई जाएगी। उनका सुझाव है कि हीट वेव में बच्चों को धूप में बाहर न निकलने दें।

## बच्चों को स्कूल छोड़कर लौट रहे अभिभावक पर मधुमक्खियों ने किया हमला

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )। बच्चों को स्कूल छोड़कर लौट रहे एक अभिभावक पर अचानक मधुमक्खियों के झुंड ने हमला कर दिया। इस हमले में अभिभावक गंभीर रूप से घायल हो गये।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के मोहल्ला गौहर अली खान निवासी नितिन बिश्नोई अगवानपुर स्थित एक विद्यालय में बच्चों को छोड़ने गए थे। बच्चों को स्कूल में छोड़ने के बाद जब वह वापस लौट रहे थे, तभी रास्ते में अचानक मधुमक्खियों का झुंड उनके ऊपर टूट पड़ा। मधुमक्खियों से खुद को बचाने का प्रयास करते रहे, लेकिन झुंड ने उन्हें बुरी तरह घेर लिया और कई जगह डंक मार दिये। घटना के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। राहगीरों और स्थानीय लोगों ने किसी तरह उन्हें वहां से हटाया। इसके बाद उन्हें गंभीर हालत में पास के एक निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया। मधुमक्खियों के कई डंक लगने के कारण उनकी हालत नाजुक बनी हुई है और उन्हें गहन निगरानी में रखा गया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्थानों की पहचान कर उचित कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सके।

## बाज़ार में रोते हुए मिली बच्ची

**मंडावर ( चिंगारी )।** एक तीन साल की बच्ची खेलते हुए घर से निकल कर कस्बे के मोहल्ला मंगल बाजार पहुंच गई। बच्ची को अकेला रोते हुए देख मोहल्ले वालों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस बच्ची को थाने ले गई। महिला दरोगा प्रेरणा यादव ने बताया कि बच्ची अपना नाम-पता नहीं बता पाई। पुलिस द्वारा बच्ची के माता-पिता का पता लगाने के लिए बच्ची का फोटो सोशल मीडिया पर वायरल किया गया। फोटो वायरल होने के बाद मोहल्ला शहविलायत निवासी आसिफ अली अपनी पत्नी के साथ थाने पहुंचे और उन्होंने बच्ची को अपनी बेटी बताते हुए उसका नाम जोहा बताया। बच्ची भी अपने माता पिता को देख रोते हुए उनसे लिपट गई, जिसके बाद पुलिस ने उक्त बच्ची उसके माता-पिता को सौंप दिया। इस कार्य से क्षेत्र में महिला दरोगा प्रेरणा यादव की प्रशंसा की जा रही है।

DF धारा मोटर फाईनेन्स लिमिटेड
सरकारी एवं प्राइवेट कर्मचारियों के लिए
विशेष लोन सुविधा
Salaried Loan
अब खास आपके लिए
लोन लेना हुआ और भी आसान
अब आप घर बैठे ही अपने मोबाइल से Instant Salaried Loan के लिए Apply कर सकते हैं। कृपया दिए गए QR कोड को स्कैन करें या हमारी वेबसाइट www.dharamotor.com पर क्लिक करें और मोबाइल एप्लिकेशन इंस्टॉल करें और अपने सैलरी लोन के लिए आज ही आवेदन करें।
हमारा सैलरी लोन क्यों चुनें?
• तेज़ और आसान प्रक्रिया
• न्यूनतम दस्तावेज़
• आकर्षक ब्याज दर
• आसान EMI सुविधा
• शीघ्र लोन अप्रूवल और डिस्बर्समेंट
पात्रता (Eligibility)
• सरकारी कर्मचारी
• प्राइवेट सेक्टर कर्मचारी
• नियमित मासिक आय वाले व्यक्ति

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
पंजीकृत कार्यालय : धारा कॉम्प्लेक्स, सिविल लाइन्स-1, बिजनौर-246701
दूरभाष : 01342-262561, 6396752764, 7060210125
Corporate Office (Delhi) : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Basant Kunj Road, Mahipalpur, New Delhi. Ph.: 011-41662561
www.dharamotor.com dmf_bijnor@yahoo.com

Hero
अप्रैल में हीरो के साथ शानदार ऑफर के साथ

1 अप्रैल से 30 अप्रैल तक

CASH DISCOUNT OFFER

| S.No | Model | Offer Amount (Rs) |
|---|---|---|
| 1 | Scooters (Minus Xoom 125, Xoom | 3000 |
| 2 | HF Deluxe | 2100 |
| 3 | Super Splendor | 3000 |
| 4 | Xtreme 125R | 2500 |
| 5 | Glamour X | 2500 |
| 6 | Premium Segment | 5000 |
| 7 | Mavrick | 50000 |
| 8 | Xtreme 160R (old) | 10000 |

आवश्यकता है
1.कुशल मैकेनिक 2.सुपरवाइजर 3.सेल्स एग्जीक्यूटिव मेल/फीमेल 4.नेटवर्क मैनेजर 5.फीमेल टेलीकॉलर
कविता मोटर्स
हीरो मोटो कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मो. 9289922765, 9457937407

भली लगे या बुरी ...

## समरथ को नहिं दोष गौसाईं...

तुलसी बाबा बिल्कुल सच कह गये हैं- समरथ को नहिं दोष गौसाईं। जो समर्थ है, जिसके पास पावर है, उसके हजार दोष माफ़, और जो कमजोर है उसका शौक भी सबको ऐब नज़र आता है। बड़े लोग अय्याशी करें तो रासलीला, ग़रीब करे तो करेक्टर ढीला। आम आदमी पैग लगाये तो शराबी, खास लोग व्हिसकी पीयें तो पार्टी। इसी तरह अगर आप सार्वजनिक जीवन में हैं तो छोटे पदाधिकारियों के लिये तमाम बंदिशें, लेकिन बड़े ओहदेदारों के लिये सब छूट। अगर आप राजनीति कार्यकर्ता हैं तो आपके बोलने, टोकने पर रोक, और कोई बड़ा नेता कुछ भी बोले तो उसकी वाह वाह। बड़े पदों पर बैठे लोगों से उम्मीद की जाती है कि वो अपने आचरण और व्यवहार से आदर्श प्रस्तुत करेंगे, ताकि समाज में अच्छा संदेश जाये। मगर पिछले कुछ वर्षों में हर क्षेत्र में स्तर इतना गिरा है कि 'मर्यादा', 'गरिमा', 'आदर्श', 'मूल्य' जैसे शब्द बेमानी हो गये हैं। खासकर राजनीति के क्षेत्र में गिरवट की इन्तेहा हो गई है। छुटभैये कार्यकर्ता और आम नेता ही नहीं, ऊंचे पदों, यहां तक कि संवैधानिक पदों पर बैठे लोग भी पथभ्रष्ट और दिग्भ्रमित लगते हैं। न भाषा की मर्यादा रही, न लोकलाज का डर। शोहदे भी वैसी भाषा नहीं बोलते, जैसी बड़े-बड़े नेता बोल रहे हैं। विडम्बना यह है कि जनता भी उनकी गाली-गलौच की भाषा पर कान धरती है और तालियां बजाती हैं। नेता को यही तो चाहिए। जनता भाषण पर ताली बजायेगी तो चुनाव में वोट भी जरूर देगी। अब अगर आप सत्यनिष्ठा और सदाचार की बातें करेंगे तो जनता कुर्सी पर बैठे-बैठे ऊंघने लगेगी या उठकर जाने लगेगी। जैसी जनता वैसे नेता या जैसे नेता वैसी जनता। बंगाल चुनाव का नज़ारा आप देख ही रहे होंगे। नेताओं की चाल-ढाल, बोलचाल एकदम काटने वाली है। एक समय था नेता चुनाव प्रचार में भी सत्य, न्याय और सदाचार की बातें किया करते थे। जनता के मूल मुद्दों को उठाते थे। अपनी सरकारी/पार्टी की नीतियों व कार्यक्रमों की ओर जनता का ध्यान आकृष्ट करते थे। विपक्षी पर अगर हमला भी करते थे तो शालीनता के साथ। तीखे से तीखा कटाक्ष भी मर्यादा में रहकर किया करते थे। मगर पिछले कुछ दशकों में राजनीति का परिदृश्य पूरी तरह बदल गया है। गिरावट कहां तक जायेगी, कहा नहीं जा सकता।

# नकली दूध-घी से कार्बाइड वाले फल तक.. हर जगह मिलावट

**▶▶ पंकज शर्मा 'तरुण'**

नकली दूध-घी की फैक्ट्री का पकड़ा जाना, फलों और सब्जियों में इंजेक्शन लगाना क्या हमारे विकसित होने की निशानी है? आप कहेंगे क्या पागल जैसे सवाल पूछ रहा है! सही कहा मैं तब वाकई पागल ही हो जाता हूं, जब ऐसी खबरों को सुनता-पढ़ता या देखता हूं। खाद्य पदार्थों में मिलावट करना कानूनन अपराध है, मगर इन मिलावट खोरों की जानबूझकर अनदेखी करना, उनसे इन संगीन जानलेवा अपराधों को पकड़े जाने पर रिश्वत लेकर छोड़ देना, इस मिलावट के अपराध से भी बड़ा अपराध है। जो शासन-प्रशासन में बैठे हमारे कथित भाग्य विधाता हैं, वे अपनी जेबें, तिजोरियां भरने में लिप्त हैं। यदि हम इस पर यह तर्क सुनें कि जनसंख्या बढ़ने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई है तो प्रथम तो यह कुतर्क ही माना जाएगा। यह नेताओं, अधिकारियों का नैतिक दायित्व है कि वे समाज को खाद्य पदार्थों के नाम पर विष देने वालों के विरुद्ध उचित कानूनी कार्यवाही क्यों नहीं करते? देश की भोली-भाली जनता की आज यह स्थिति है कि वह खामोशी से इस अत्याचार को सह रही है। लगता है, उसने इस स्थिति को अपनी नियति ही मान लिया है। देश के नेताओं के एक सूत्रीय कार्यक्रम कि देश में केवल उन्हीं का राज कायम रहे और इस लक्ष्य की प्राप्ति में वे किसी को भी बाधक नहीं बनने देना चाहते! चाहे वे मिलावटखोर ही क्यों न हों। केवल औपचारिकता के नाम पर खाद्य अधिकारियों द्वारा खानापूर्ति करने के नाम पर सैंपल लेने की प्रक्रिया की जाती है, उसके पश्चात जनता भी खुश और अधिकारी भी सुखी। उन्हें उनकी जेबों की गर्मी खामोश कर देती है। परिणाम जनता लाइलाज रोगों से ग्रसित पीड़ा भोग रही होती है।

देश में खाद्य विभाग तो बना है, लेकिन इस विभाग में कर्मचारियों,अधिकारियों की संख्या देखेंगे तो हैरान रह जाएंगे। एक अधिकारी के पास तीन-तीन जिलों का प्रभार है, अब आप सोचिए कि एक चना क्या भाड़ फोड़ सकता है? इतने अहम विषय पर सरकार का इस तरह उदासीन होना क्या दर्शाता है?

बाजार में नई अबोध पीढ़ी के लिए निर्माण किए जा रहे रंगीन वेफर्स में कितनी घटिया खाद्य सामग्री पैक की जा रही है, इस पर कोई जिम्मेदार ध्यान नहीं देता। स्थानीय लालची वेफर्स निर्माता विख्यात



कंपनियों के नाम के रंगीन पाउच धड़ल्ले से बेचने में सफल हैं और अकूत मुनाफा अर्जित कर रहे हैं, मगर कोई देखने वाला नहीं, ऐसा प्रतीत होता है जैसे इस गोरख धंधे को सरकार का मूक समर्थन है। यदि ऐसा नहीं है तो इन लालची निर्माताओं को विषैली खाद्य सामग्री के निर्माण से रोका क्यों नहीं जाता? बच्चों का मानो विज्ञान यह है कि वे रंग-बिरंगे पाउच की ओर आकर्षित होते हैं और वे इन्हें पाने के लिए हठ करते हैं। बाल हठ के समक्ष अच्छे अच्छों को झुकना पड़ता है, नतीजा गंभीर रोग, लिवर फेल और असामयिक मृत्यु।

मौसमी फलों के नाम पर भी आज जो फल बेचे जा रहे हैं उनकी कहानी भी आपको पता ही होगी, नहीं है तो जान लीजिए। वर्तमान में फलों के सीजन में आम, पपीते का नंबर आता है। जिसे समय से पूर्व पीले करने अथवा जल्द पकाने हेतु कार्बाइड नाम के विषैले रसायन का उपयोग धड़ल्ले से किया जा रहा है। जो पूर्णत: प्रतिबंधित है, मगर इसमें किसान से पूरे बगीचे खरीदकर व्यापारी खेतों में ही सिंचाई के दौरान कार्बाइड को सिंचाई में दिए जा रहे पानी में मिलाकर उन्हें समय से पूर्व पीले पके हुए बताने लगता है। इसी प्रकार केला भी कार्बाइड में पकाकर बेचा जा रहा है, जो स्वास्थ्य खराब करने में सहायक है। आजकल बाजार में जो टमाटर आ रहा है बड़ा ही विचित्र टमाटर आ रहा है। आपने भी महसूस किया होगा टमाटर का ऊपर का खोल इतना कठोर आ रहा है, जिसे चबाने पर प्रतीत होता है वह प्लास्टिक कोटेड किया हुआ है। यह भी एक खोज का विषय है जो वैज्ञानिक ही कर सकते हैं। इसी प्रकार जब से रामदेव बाबा ने कहा है कि लौकी का ज्यूस ब्लड प्रेशर को नियंत्रित करता है, उसकी मांग रातों रात बढ़ गई है। इसकी जल्द आपूर्ति और जल्द बड़ा करने के लिए प्रतिबंधित इंजेक्शन का उपयोग किया जा रहा है। गाय-भैंसों से दूध बढ़ाने में भी इसका उपयोग किया जाता है। मैं उसका नाम यहां बताना उचित नहीं समझता, मगर सुधि पाठक इसका नाम भलीभांति जानते ही होंगे। यह फलों, सब्जियों को विषैला ही बनाता है, जो स्वास्थ्य वर्धक नहीं है।

ऐसा लगता है, यह भारी मुनाफा कमाने के साथ-साथ आधुनिक अस्पतालों को भी फलीभूत कर रहे हैं। सवाल यह खड़ा होता है कि आम आदमी इन जहरीले खाद्य पदार्थों, वस्तुओं से कैसे बचें? कौन बचाएगा? अराजकता की चरम सीमा पर आम ओ खास किंकर्तव्य विमूढ़ता की भयावह स्थिति में फंसा महसूस कर रहा है। अब भगवान ही है जो हमें बचा सकता है।

(विनायक फीचर्स)

# पति-पत्नी संस्कार और भक्ति पर भी ध्यान देंगे, तो उनकी संतान संस्कारी बन सकती है!

प्रेरक-प्रसंग

ब्रह्मा जी सृष्टि की रचना करना चाहते थे यानी मनुष्यों को जन्म देना था। ब्रह्मा जी ने अपने मानस पुत्र महर्षि अत्रि से कहा, अब ये दायित्व आपका है। ब्रह्मा जी बात सुनकर महर्षि अत्रि अपनी पत्नी अनसूया के साथ ऋष्य नाम के पर्वत पर तपस्या करने पहुंचे। ब्रह्मा जी ने अत्रि से कहा था कि आप संतान को जन्म दें, लेकिन इससे पहले अत्रि और अनसूया ने तपस्या करना शुरू कर दी। प्राणायाम से अपने मन को नियंत्रित करके घोर तप किया। वे प्रार्थना कर रहे थे कि इस जगत का जो भी ईश्वर है, मैं उनकी शरण में हूं। वे ईश्वर अपनी ही संतान या अपने जैसी संतान मुझे प्रदान करें। तपस्या से प्रसन्न होकर ब्रह्मा, विष्णु और शिव जी अत्रि मुनि के सामने प्रकट हुए। तीनों देवताओं ने कहा अत्रि जी हम आपकी तपस्या से प्रसन्न हैं। अत्रि जी ने पूछा आप लोग कौन हैं? तीनों देवताओं ने परिचय दिया तो अत्रि जी बोले मैंने तो एक ही ईश्वर को याद किया था। आप तो तीनों चले आए हैं। देवताओं ने कहा, आपने इस संसार के जगदीश्वर को याद किया है, हम तीनों ही इस संसार का निर्माण, पालन और संहार करते हैं। इस वजह से हम तीनों को आना पड़ा। तीनों ने आशीर्वाद दिया कि हम तीनों तुम्हारे यहां संतान के रूप में जन्म लेंगे।

# अग्रवाल सेवा संस्थान का 30वां स्थापना दिवस मनाया



टीवी सीरियल निर्देशक ईश्वर सिंह को सम्मानित करते हुए संस्था की सदस्य व अतिथि

**बिजनौर ( चिंगारी )।** अग्रवाल प्रशिक्षण एवं समाज सेवा संस्थान के सेवा के 30 वर्ष एवं अग्रवाल वैवाहिक पत्रिका के 20 वर्ष पूर्ण होने पर, स्थानीय मंडप में वार्षिकोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि रणविजय सिंह मुख्य विकास अधिकारी, विशिष्ट अतिथि विमल जिला परियोजना अधिकारी आंगनबाड़ी, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पंकज भारद्वाज, वैश्य सभा के प्रदेश कार्यकारिणी से राजकुमार गोयल, अजय गोयल, दीपक अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल उर्फ टिंकू, हरिद्वार शनि धाम ट्रस्ट के अध्यक्ष जगदीश अग्रवाल, राजीव गोयल नजीबाबाद, विवेक गुप्ता, राजीव अग्रवाल रामपुर आदि रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता बॉलीवुड के प्रसिद्ध निर्देशक ईश्वर सिंह ने की। इस अवसर पर केपीएस इंटर कॉलेज की छात्राओं ने अनुपयोगी बोतलों से गमले बनाने की प्रतियोगिता में भाग लिया। सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र-छात्राओं द्वारा एक लघु नाटिका प्रस्तुत की गई।

मुख्य अतिथि सीडीओ ने कहा कि यदि संस्थाएं एवं सरकार मिलकर कार्य करें तो अभी समाज में बहुत कुछ हासिल किया जा सकता है। डॉ. पंकज भारद्वाज ने कहा कि वे पिछले लंबे समय से संस्थान द्वारा किए गए कार्यों के स्वयं साक्षी हैं। वैश्य मंच बिजनौर द्वारा संस्थान की संस्थापिका श्रीमती सविता अग्रवाल एवं टीम को 30 वर्ष पूर्ण होने पर एक प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे ईश्वर सिंह ने बधाई प्रेषित की एवं कहा कि वे प्रयास कर रहे हैं कि शीघ्र ही एक वेब सीरीज का निर्माण बिजनौर की धरती पर किया जाए। कार्यक्रम का संचालन देवेश अग्रवाल ने किया। सर्वश्री राजीव अग्रवाल नजीबाबाद, श्रीमती सरिता अग्रवाल रामपुर, राजकुमार गोयल, जगदीश अग्रवाल, राजवर्धन भटनागर, विवेक गुप्ता, विभोर जैन आदि ने भी संस्थान को 30 वर्ष पूर्ण होने पर बधाई दी। इस वर्ष के श्रेष्ठ कार्यकर्ता सर्वेश कुमार गुप्ता एवं अलका अग्रवाल रहे। दोनों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

# एलसी इंफ्रा के स्टोर में भयंकर आग लगी, 80 लाख की क्षति

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जल निगम के जल जीवन मिशन के अंतर्गत कार्य कर रही संस्था एलसी इंफ्रा के स्टोर में अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। यह घटना बिजनौर-नूरपुर रोड स्थित धर्मपुरा में बने स्टोर पर हुई, जहां देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। रविवार को घटना के समय स्टोर पर मौजूद कर्मचारियों ने हालात को भांपते हुए तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी। हालांकि आग इतनी तेजी से फैली कि स्टोर का एक बड़ा हिस्सा उसकी चपेट में आ गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी देर तक चले प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक स्टोर में रखा भारी मात्रा में सामान जलकर नष्ट हो चुका था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आग से लगभग 70 से 80 लाख रुपये का नुकसान हुआ है। स्टोर में जल जीवन मिशन से संबंधित सामग्री रखी थी, जो आग की चपेट में आ गई। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण अत्यधिक गर्मी और संभावित शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है। हालांकि वास्तविक कारणों का पता लगाने के लिए जांच जारी है। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई, लेकिन आर्थिक रूप से यह नुकसान काफी बड़ा बताया जा रहा है।

# मानकों का पालन करते हुए खरीदा गया था धान, जांच में सब कुछ ओके मिला

**बिजनौर ( चिंगारी )।** शेरगढ़ बहुउद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति बी पैक्स से जुड़ी समितियों में धान खरीद की जांच में सब कुछ ठीक मिला है। शासन को इसकी रिपोर्ट प्रेषित कर दी गई है। समितियों द्वारा सीजन के अनुसार धान व गेहूं की खरीदारी की जाती है। बीते वर्ष सीएफसी के 13 क्रय केंद्रों पर धान की खरीदारी हुई थी। लगभग 1.60 लाख कुंतल धान खरीदा गया था। कुछ लोगों ने क्रय केंद्र प्रभारियों पर धान की खरीदारी में अनियमितता बरतने और गैर किसानों से धान खरीदने का आरोप लगाया था। पीसीएफ केंद्र शेरगढ़, सुआवाला, कादराबाद, हरेवली, शेरकोट पर विभागीय जांच की गई। जांच में पाया गया कि पोर्टल पर पंजीकृत किसानों से ही धान खरीदा गया था। धान खरीदने में किसानों से अंगूठे के बायोमैट्रिक निशान लगवाने सहित अन्य क्रय नीति का पालन किया गया है। सुआवाला के क्रय केंद्र प्रभारी आशु प्रताप ने बताया कि प्रशासन की जांच में सब कुछ ठीक मिला है। अब उनकी समिति पर गेहूं की खरीदारी की जा रही है। गेहूं की खरीदारी में भी नियमों का पूरा पालन किया जा रहा है।

# रजवाहे में बाइक गिरने से युवक की मौत

**हीमपुर दीपा ( चिंगारी )।** सुल्तानपुर रजवाहे के पास एक बाइक का बैलेंस बिगड़ गया और वह नहर में गिर गई, जिसमें बाइक सवार की मौत हो गई। गांव नवादा तुल्ला निवासी महिपाल सिंह का 40 वर्षीय पुत्र महेश जलीलपुर में किसी फाइनेंस कंपनी में काम करता है। शनिवार की देर शाम वह बाइक से घर जा रहा था कि सुल्तानपुर रजवाहे के तीव्र मोड़ पर बाइक अचानक अनियंत्रित होकर नहर में जा गिरी। राहगीरों ने बेहोशी की हालत में उसे बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने परिजनों को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों ने कानूनी कार्रवाई से इनकार कर दिया। आवश्यक कार्रवाई के बाद शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। मृतक अपने पीछे पुत्र और पत्नी तथा परिजनों को रोता बिलखता छोड़ गया है।

# आभा फाउंडेशन के कैम्प में 705 लोगों को मुफ्त चश्मे बांटे



**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था आभा फाउंडेशन की ओर से 705 लोगों में नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया गया। आभा फाउंडेशन की ओर से 19 अप्रैल को नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था, जिसमें 1380 लोगों ने अपनी आंखों की जांच कराई थी, जांच के दौरान 705 लोगों को चश्मे के लिए चयनित किया गया था। रविवार को फादरसन पब्लिक स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में चयनित लोगों को चश्मों का वितरण किया गया। आभा फाउंडेशन की संस्थापिका आभा सिंह ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य समाज के उन लोगों की मदद करना है जो आंखों की समस्याओं से जूझ रहे हैं और उचित उपचार से वंचित हैं।

# चोरी की बाइक सहित आरोपी गिरफ्तार



बाइक चोरी के आरोपी को कोर्ट ले जाती पुलिस।

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** रेहड़ पुलिस ने रविवार को बाइक चोरी के एक आरोपी को बाइक सहित गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया है। मुरादाबाद जिले के थाना भोजपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम रानी नांगल निवासी मुन्ना अली पुत्र अब्दुल कलाम ने बीते शनिवार को थानाध्यक्ष रेहड़ को दिये प्रार्थना-पत्र में 16 अप्रैल को बादीगढ़ चौराहे से अपनी बाइक चोरी हो जाने की शिकायत की थी। थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि उत्तराखंड के थाना जसपुर क्षेत्रांतर्गत ग्राम रामनगर वन निवासी सद्दाम उर्फ बबलू पुत्र यामीन को रविवार की प्रात: चोरी हुई बाइक के साथ गिरफ्तार कर लिया गया है।

# स्मार्ट मीटर व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** विद्युत विभाग द्वारा लगाए गए स्मार्ट मीटर में बिलों की भारी बढ़ोतरी, प्रीपेड सिस्टम और भीषण गर्मी के चलते हो रही अघोषित विद्युत कटौती को लेकर ग्रामीणों का आक्रोश सातवें आसमान पर है। क्षेत्र के तमाम विद्युत उपभोक्ताओं के यहां पुराने पोस्टपेड मीटर की जगह जबरन स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाए गए। स्मार्ट मीटर में ज्यादा बिल आने और मोबाइल रिचार्ज की तरह अकाउंट में पेमेंट खत्म हो जाने पर अचानक बिजली कट जाने का लोगों को पहले से ही डर था, मगर उपभोक्ताओं को तरह-तरह से डराया-धमकाया गया और उन्हें स्मार्ट मीटर लगवाने



पर मजबूर किया गया, जिससे विवश होकर उपभोक्ताओं ने स्मार्ट मीटर लगवा तो लिए, मगर अब अचानक बिजली कट जाने को लेकर लोग खून के आंसू रो रहे हैं। उधर दूसरी ओर भीषण गर्मी के चलते आसमान से बरस रही आग के बावजूद विद्युत कटौती से लोग हाल-बेहाल हैं। दिन में कुछ घंटे ही बिजली आने से ग्रामीण पसीना-पसीना हैं। इतना ही नहीं,अघोषित विद्युत कटौती से तंग उपभोक्ता लाइनमैन या जेई को फोन करते हैं तो उनका फोन तक नहीं उठाया जाता है और कोई फोन उठाता भी है तो कोई संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। इन तमाम परेशानियों के कारण लोगों में गुस्सा बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में संबंधित विद्युत अधिकारियों से उनका पक्ष जानना चाहा, मगर एसडीओ का फोन नहीं लग पाया और जेई ने फोन रिसीव नहीं किया।

# पुष्प निकेतन में दो दिवसीय जिला स्तरीय किशोर शिखर सम्मेलन का आयोजन

## 13 विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में किया प्रतिभाग

**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल परिसर स्थित पुष्प निकेतन स्कूल में दो दिवसीय जिला स्तरीय किशोर शिखर सम्मेलन 'अभिव्यक्ति' का आयोजन किया गया। इस युवा महोत्सव में जिले के 13 प्रतिष्ठित विद्यालयों वालिया ग्लोबल एकेडमी, एजुकोल स्कूल, सेंट मेरी, सिमराह इंटरनेशनल, मधुर मेमोरियल, आर.आर. नूरपुर, शिखर शिशु सदन, प्रियंका मॉडर्न धामपुर, भारत स्वरूप एकेडमी, एम.के.डी. अग्रिम, दुर्गा पब्लिक स्कूल, होली एंजेल एकेडमी और आर.आर. मोरारका नजीबाबाद के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

कार्यक्रम में हेल्थ एण्ड वेलनेस प्रदर्शनी, कलाकृति (पेंटिंग), पाठशाला (नुक्कड़ नाटक), तरंग (भारतीय शास्त्रीय नृत्य) तथा



पुष्प निकेतन स्कूल में दो दिवसीय जिला स्तरीय किशोर सम्मेलन अभिव्यक्ति का फीता काटकर शुभारंभ करते हुए अतिथि।

क्यू-स्मार्ट क्विज जैसी विविध गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों की बहुआयामी प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया।

सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा संगीत एवं नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों के साथ 'कहानी से मंच तक' विषय पर आधारित व्यंग्यात्मक नाट्य मंचन ने दर्शकों को विशेष रूप से आकर्षित किया। जिनमें पलाश हाउस ने 'बकरी' (सर्वेश्वर दयाल सक्सेना), देवदार हाउस ने 'टॉर्च बेचने वाले' (हरिशंकर परसाई), अमलताश हाउस ने सदाचार का ताबीज (हरिशंकर परसाई) और गुलमोहर हाउस ने 'रीढ़ की हड्डी' (जगदीश चंद्र माथुर) नाटकों के प्रदर्शन से इस युवा महोत्सव में चार चांद लगा दिए।

प्रतियोगिताओं के परिणामों में हेल्थ एंड वेलनेस प्रदर्शनी में प्रथम स्थान आर.आर. मोरारका, द्वितीय एजुकोल गर्ल्स स्कूल तथा तृतीय सेंट मेरी धामपुर ने प्राप्त किया। कलाकृति में आर.आर. नूरपुर प्रथम, एजुकोल गर्ल्स स्कूल द्वितीय तथा सेंट मेरी धामपुर तृतीय रहे। नुक्कड़ नाटक में 'टीम रंगीले' (भ्रष्टाचार विषय) प्रथम, 'टीम मतवाले' (महिला सशक्तिकरण) द्वितीय तथा 'टीम अलबेले' (मोबाइल की लत) तृतीय स्थान पर रही।

शास्त्रीय नृत्य 'तरंग' में वालिया ग्लोबल की सिद्धि प्रथम, सेंट मेरी धामपुर की शिवि द्वितीय तथा आर.आर. मोरारका की आराध्या अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहीं। मुख्य अतिथि मनीष त्यागी (सी.ओ.ई. देहरादून), आशीष शर्मा (यूनिट हेड, धामपुर शुगर मिल) एवं विद्यालय प्रबंधक विजय गुप्ता की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। प्रधानाचार्या रश्मि रेखा ने इस सफल आयोजन को टीम भावना, समर्पण और

## निरंकारी सत्संग भवन में मनाया गया मानव एकता दिवस

**धामपुर ( चिंगारी )।** ग्राम जैतरा स्थित निरंकारी सत्संग भवन में मानव एकता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मुखी महात्मा भीम सिंह एडवोकेट ने कहा कि सत्संग, सेवा और सिमरन करने का संदेश हमें ग्रहण करना चाहिए। सेवानिवृत शिक्षक मदनपाल सिंह राणा ने कहा कि सत्संग वह गंगा है, जिसमें नहाने से पापी से पापी भी पावन हो जाते हैं। कार्यक्रम में सर्वप्रथम सरजीत सिंह ने अपनी कविता 'एक घड़ी आधी घड़ी आधी से पुनि आधी' सुनाते हुए कहा कि सत्संग करना आत्मा का परम कर्तव्य है। सत्संग में मिल्क तखावली निवासी अनीता देवी, रामानंद सागर, कार्तिक सागर ने भी विचार व्यक्त किये सत्संग का संचालन राजवीर सिंह ने किया।

# लंदन में आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथिक समिट में धामपुर के डॉ. शिवांशु सक्सेना व सुनीता यादव सम्मानित



डॉ. शिवांशु सक्सेना व डॉ. सुनीता यादव सम्मानित।

**धामपुर ( चिंगारी )।** लंदन में आयोजित वर्ल्ड होम्योपैथी समिट -4 में भारत के होम्योपैथिक चिकित्सकों ने उपस्थिति दर्ज कराते हुए अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का गौरव बढ़ाया। इस समिट का आयोजन बर्नेट होम्योपैथी प्राइवेट लिमिटेड द्वारा ब्रिटिश पार्लियामेंट के हाउस ऑफ लॉर्ड्स एवं ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में किया गया। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में विश्वभर से आए विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं एवं चिकित्सकों ने भाग लेकर होम्योपैथी के वैज्ञानिक आधार, आधुनिक उपयोगिता तथा भविष्य की संभावनाओं पर गहन विचार-विमर्श किया।

धामपुर के वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. शिवाशु सक्सेना एवं उनकी पत्नी डॉ. सुनीता यादव को ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में आयोजित विशेष वैज्ञानिक सत्र में पुरुष एवं स्त्री नि:संतानता विषय पर अपने शोध कार्य को प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। डॉ. शिवाशु एवं डॉ. सुनीता द्वारा प्रस्तुत शोध को अंतराष्ट्रीय विशेषज्ञों तथा उपस्थित चिकित्सकों ने सराहा, जिससे भारतीय होम्योपैथी की विश्व स्तर पर बढ़ती स्वीकार्यता का स्पष्ट संकेत मिला।

इस अवसर पर डॉ.शिवाशु सक्सेना ने इसे अपने करियर का ''एक अविस्मरणीय क्षण'' बताते हुए कहा कि ऐसे वैश्विक मंच न केवल ज्ञानवर्धन का अवसर प्रदान करते हैं, बल्कि भारतीय चिकित्सा पद्धति को अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह समिट होम्योपैथी के वैश्विक विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध हुआ है तथा इससे आने वाले समय में इस चिकित्सा पद्धति को और अधिक मजबूती मिलने की उम्मीद है।

# संस्कृत भाषा को जीवित रखना हम सबकी जिम्मेदारी : जितेन्द्र पाल

**धामपुर ( चिंगारी )।** समाजसेवी एवं आर्य विद्वान जितेंद्र पाल सिंह गहलौत ने कहा कि 2027 मार्च तक भारत की जनगणना पूरी होने जा रही है। जनगणना अधिकारी शीघ्र ही आपसे जानकारी एकत्र करने के लिए मिलेंगे। आपसे जब आपकी मातृभाषा पूछी जाएगी और उसके बाद जब आपसे यह पूछा जाएगा कि आप कौन-कौन सी भाषाएं जानते हैं, तो कृपया 'संस्कृत' को भी उन भाषाओं में अवश्य शामिल करें। उन्होंने कहा कि यद्यपि हम सभी संस्कृत बोल नहीं पाते, फिर भी हम प्रतिदिन अपनी प्रार्थना, सभी धार्मिक अनुष्ठानों और पूजा-पाठ में इसका उपयोग करते हैं। उन्होंने बताया कि पिछली जनगणना के अनुसार पूरे देश में संस्कृत बोलने वालों की संख्या मात्र दस हजार थी, जबकि अरबी और फ़ारसी बोलने वालों की संख्या बहुत अधिक है। उन भाषाओं के विकास के लिए उन्हें वित्तीय सहायता भी मिलती है। यदि संस्कृत को 'लुप्तप्राय' भाषा घोषित कर दिया गया, तो हमारे प्राचीन धर्मग्रंथ, वेद, पुराण आदि का प्रकाशन बंद हो सकता है। हम अपनी जड़ों से कटते जाएंगे और पूजा-अर्चना का अर्थ सीमित हो जाएगा। उन्होंने बताया कि संस्कृत भारत की सबसे प्राचीन और सुंदर भाषा है। यह सभी भाषाओं की जननी है। इस भाषा को जीवित रखना हम सभी की जिम्मेदारी है।

# स्टेट ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जिशांत ने जीता गोल्ड मेडल

**धामपुर ( चिंगारी )।** केडी सिंह बाबू स्टेडियम, लखनऊ में 'लखनऊ ताइक्वांडो एसोसिएशन' द्वारा राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में लगभग 40-45 राज्यों की टीमों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। इस प्रतियोगिता में सिमराह इंटरनेशनल स्कूल, धामपुर के छात्र जिशांत सिसोदिया ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सब जूनियर वर्ग के अंडर 44 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। जिशांत सिसोदिया की इस उपलब्धि में ताइक्वांडो एसोसिएशन ऑफ बिजनौर के सचिव अंकुश चौधरी, दीपिका सिंह एवं शिवानी सिंह का विशेष योगदान रहा। विद्यालय परिसर पहुंचने पर स्कूल के प्रबंधक मौहम्मद कमाल, हिना कमाल एवं प्रधानाचार्य मंसूर खान ने खिलाड़ी को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

# शिखर शिशु सदन में अन्तर्सदन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन

**धामपुर ( चिंगारी )।** शिखर शिशु सदन, धामपुर में अंतर-सदन कैरम प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों सदनों—अर्जुन हाउस, भाभा हाउस, चाणक्य हाउस एवं नेहरू हाउस—के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए भाभा हाउस ने सर्वाधिक अंक प्राप्त कर चैंपियनशिप अपने नाम की। नेहरू हाउस ने द्वितीय स्थान तथा चाणक्य हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

सब-जूनियर बालक वर्ग में चाणक्य हाउस प्रथम, भाभा हाउस द्वितीय एवं नेहरू हाउस तृतीय स्थान पर रहे, जबकि बालिका वर्ग में भाभा हाउस प्रथम, नेहरू हाउस द्वितीय एवं अर्जुन हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर बालक वर्ग में नेहरू हाउस प्रथम, अर्जुन हाउस द्वितीय एवं भाभा हाउस तृतीय स्थान पर रहा। जूनियर बालिका वर्ग में भाभा हाउस ने प्रथम, चाणक्य हाउस ने द्वितीय एवं नेहरू हाउस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में भाभा हाउस




प्रथम, नेहरू हाउस द्वितीय एवं चाणक्य हाउस तृतीय स्थान पर रहे। वहीं सीनियर बालिका वर्ग में नेहरू हाउस प्रथम, अर्जुन हाउस द्वितीय एवं चाणक्य हाउस तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भारती यादव ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि यह अनुशासन, आत्मविश्वास और टीम भावना को विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों को संदेश दिया कि वे जीत-हार से ऊपर उठकर खेल भावना को बनाए रखें, नियमित अभ्यास करें और अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करते रहें। प्रतियोगिता को सफल बनाने में आर.एन. सिंह, गुरप्रीत सिंह का सहयोग रहा। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ. शेखर अवस्थी भी उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 25 हज़ार से अधिक वक़्फ़ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन कैंसिल : क़ाज़ी हारिस अली

**किरतपुर (चिंगारी)। उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण के दौरान एक बड़ा खुलासा हुआ है। डेटा एंट्री में त्रुटियों और अधूरे दस्तावेजों के कारण 25 हज़ार से अधिक पंजीकरण रद्द कर दिये गये हैं।**

जमीयत उलेमा हिन्द अरशद मदनी गुट के शाखा किरतपुर के सदर क़ाज़ी हारिस अली ने प्रेस नोट में यह जानकारी देते हुए बताया कि सम्पत्तियों के पंजीकरण रद्द कर दिए गए हैं सबसे अधिक संख्या मस्जिदों की है। इसके अलावा मदरसे, ईदगाह, इमामबाड़ा, दरगाह तथा कुछ आवासीय और व्यावसायिक संपत्तियां भी प्रभावित हुई हैं। वक्फ बोर्ड के सूत्रों के अनुसार पोर्टल पर पंजीकरण की प्रक्रिया अभी जारी है और इसकी अंतिम तिथि 14 जून 2026 निर्धारित की गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि जिन पंजीकरणों को निरस्त किया गया है, उन्हें अब सही जानकारी और पूर्ण दस्तावेजों के साथ दोबारा अपलोड करना होगा। उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड के अंतर्गत राज्य में लगभग 1.26 लाख से अधिक वक्फ संस्थाएं हैं।



यह पूरा कार्य केंद्र सरकार के 'उम्मीद' पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करना और प्रबंधन में पारदर्शिता लाना है। वक्फ (संशोधन) अधिनियम 2025 के तहत इस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य कर दिया गया है, जो 5 अप्रैल से लागू है।

प्रारंभ में पंजीकरण की अंतिम तिथि 6 दिसंबर 2025 थी, जिसे बाद में वक्फ ट्रिब्यूनल के निर्देश पर बढ़ा दिया गया है। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, सबसे अधिक पंजीकरण निरस्त होने के मामले कब्रिस्तानों से जुड़े हैं। जिलों की बात करें तो सबसे अधिक मामले लखनऊ (1,114) में सामने आए हैं, इसके बाद बिजनौर और सहारनपुर का स्थान है, जबकि अमरोहा (85), बागपत (60) और बरेली (17) में अपेक्षाकृत कम मामले पाए गए हैं। इन वक्फ संपत्तियों में छोटी मस्जिदों की जमीन से लेकर कुछ जिलों में 300 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले बड़े कब्रिस्तान भी शामिल हैं।

# थम गया चुनावी शोर बंद हुआ दावतों का दौर

**बिजनौर (चिंगारी)।** उत्तर प्रदेश में पंचायत चुनाव की घोषणा में हो रही देरी का सीधा असर गांवों की राजनीति पर देखने को मिल रहा है। प्रधान पद के संभावित प्रत्याशी, जो कुछ समय पहले तक वोटरों को लुभाने के लिए खुले दिल से खर्च कर रहे थे, अब पीछे हटते नजर आ रहे हैं।



दरअसल, चुनाव के मद्देनजर गांवों में दावतों का दौर शुरू हो गया था। भावी प्रत्याशियों ने मतदाताओं को लुभाना शुरू कर दिया था। चुनावी सरगर्मियां लगातार बढ़ती जा रही थीं। लेकिन जैसे ही चुनाव की तारीखों पर अनिश्चितता बढ़ी और सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भी प्रत्याशियों को फिलहाल खर्च न करने की सलाह दी, वैसे ही हालात बदल गए। अब स्थिति यह है कि जो प्रत्याशी पहले हर मौके पर लोगों के बीच मौजूद रहते थे, वहीं अब उनसे दूरी बनाने लगे हैं। गांवों में चर्चा है कि चुनाव टलने से उम्मीदवारों ने अपनी 'सेवा' पर ब्रेक लगा दिया है।

राजनीतिक जानकारों का मानना है कि पंचायत चुनाव अब संभवत: विधानसभा चुनाव के बाद ही कराए जाएंगे। ऐसे में प्रत्याशी लंबी तैयारी के बजाय फिलहाल खर्च बचाने की रणनीति अपना रहे हैं। इस बदलाव ने गांवों की राजनीति का रंग फीका कर दिया है, जहां पहले रौनक और हलचल थी, अब वहां सन्नाटा पसरा हुआ नजर आ रहा है।

# प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



**मंडावर (चिंगारी)।** मंडावर नगर पंचायत द्वारा जनगणना के लिए मंडावर डिग्री कालेज मंडावर में चल रहा पहले चरण का प्रगणकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हो गया। जनगणना अधिकारी रामाश्रय की देखरेख में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में प्रगणकों को जनगणना से जुड़ा प्रशिक्षण दिया गया। ट्रेनर मोहित शर्मा व राजीव कुमार अग्रवाल ने प्रगणकों व सुपरवाइजरों को प्रत्येक बिंदु पर जानकारी देते हुए बड़ी गहनता के साथ समझाया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में नगर पंचायत लिपिक राजकुमार, सहायक जनगणना अधिकारी जेपी यादव, नवनीत कुमार, आदर्श कुमार, धर्म सिंह, मोहम्मद आरिफ, हारून रशीद, प्रदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# अमानगढ़ वन क्षेत्र में घायल पड़े मिले बुजुर्ग की अस्पताल ले जाते हुए मौत

**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। शुक्रवार से लापता एक बुजुर्ग उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड के वन क्षेत्र की सीमा के पास अमानगढ़ टाइगर रिजर्व एरिया में घायल एवं अचेतावस्था में पड़ा मिला, जिसकी अस्पताल ले जाते ही मौत हो गई। उत्तराखंड के जनपद उधम सिंह नगर की कोतवाली जसपुर क्षेत्र के ग्राम रामनगर वन निवासी 65 वर्षीय अख्तियार हुसैन शुक्रवार की अपराह्न से लापता था। उसके पुत्र नसीम अहमद ने बताया कि वह आएदिन अमानगढ़-पतरामपुर वन क्षेत्र की सीमा पर स्थित एक मजार पर जाया करते थे और कभी-कभी रात को वन गुर्जरों में भी रूक जाया करते थे। नसीम का कहना है कि शुक्रवार की अपराह्न भी वह वहां गए थे, मगर जब अगले दिन तक नहीं लौटे तो अनहोनी की आशंका के तहत संबंधित पतरामपुर पुलिस चौकी प्रभारी को सूचित करते हुए उनकी तलाश की गई। अमानगढ़ वन रेंज के दरोगा रवि कुमार ने बताया अख्तियार सिंह अमानगढ़ वन के कंपार्टमेंट नं. 17 में अचेतावस्था में पड़े मिले और कुछ दूरी पर उनकी साइकिल भी पड़ी मिली।**



मृतक अख्तियार हुसैन का फाइल फोटो।

# बाज़ार से सामान लेने गई बुजुर्ग महिला की हार्टअटैक से मौत

**नगीना (चिंगारी)। 41 डिग्री तापमान के बीच एक बुजुर्ग महिला की हृदय गति रुक जाने से सड़क पर ही मौत हो गई। दरअसल महिला रविवार की दोपहर बाजार में कुछ सामान लेने गई थी। नगर के मोहल्ला छिपीपाड़ा निवासी 75 वर्षीय शरीफन रविवार की दोपहर करीब ढाई बजे बाजार से कुछ सामान लेने के लिए पैदल जा रही थी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार भीषण गर्मी के मौसम में उसे कुछ गर्मी महसूस हुई तो वह पहाड़ी दरवाजा चौराहे पर स्थित एक मोबाइल की दुकान के चबूतरे पर नीचे बैठ गई। अचानक हार्ट अटैक आने से वह सड़क पर नीचे गिर गई और उसकी मृत्यु हो गई।**

# रतनपुर के युवक ने अमरोहा में फांसी लगाकर जान दी

**मंडावर (चिंगारी)। क्षेत्र के गांव रतनपुर निवासी युवक ने अमरोहा में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलते ही परिजन अमरोहा के लिए रवाना हो गए और बिना किसी पुलिस कार्रवाई के शव को घर लाकर उसका अंतिम संस्कार कर दिया। थाना क्षेत्र के गांव रतनपुर रियाय (30 वर्ष) निवासी प्रवेन्द्र पुत्र मूलचंद पिछले काफी समय से अपनी पत्नी व बच्चों के साथ अमरोहा में रहकर एमआर का काम करता था। शनिवार देर रात किसी समय उसने पंखे के कुंदे से लटककर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस दौरान उसकी पत्नी व बच्चे बरामदे में सोये हुए थे।**

# बास्टा में कार धू-धू कर जली



**चांदपुर (चिंगारी)।** रविवार को बास्टा में जिला सहकारी बैंक के सामने खड़ी वैगन आर में अचानक आग लग जाने से वहां अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने आग को बुझाने का काफी प्रयास किया, लेकिन आग बुझ नहीं पाई। कार रोहतक, हरियाणा निवासी जसवीर सिंह की थी। जसवीर सिंह ने धनौरा क्षेत्र के ग्राम भूतपुरा में मुर्गी फार्म खोल रखा है तथा वे किसी काम से बास्टा आये थे। वैगन आर में आग लगने का कारण पता नहीं लग सका।

# बुजुर्ग महिला से कुंडल छीनकर हुए थे फ़रार, दो झपटामार गिरफ़्तार

**बिजनौर (चिंगारी)।** बुजुर्ग महिला से कुंडल लूटने की घटना का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके कब्जे से लूटे गए सोने के कुंडल और घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की है। नई बस्ती बिजनौर निवासी नरेन्द्र कुमार ने थाना कोतवाली शहर में तहरीर देकर बताया था कि 23 अप्रैल को उनकी माता राजो देवी घर से घेर की ओर जा रही थीं। इसी दौरान पीछे से आए बाइक सवार दो अज्ञात बदमाशों ने झपट्टा मारकर उनके कानों से सोने के कुंडल छीन लिये थे और मौके से फरार हो गए थे। घटना के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। पुलिस टीम ने रविवार को सहारनपुर निवासी युनूस और नजीबाबाद निवासी फिरोज को गिरफ्तार कर लिया। दोनों आरोपी आपस में ममेरे-फुफेरे भाई बताए जा रहे हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने तीन दिन पहले विदुर कुटी रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास गली में लूट की वारदात को अंजाम दिया था। वे लूटे गए कुंडलों को बेचने की फिराक में थे, तभी पुलिस ने उन्हें दबोच लिया।

पुलिस ने दोनों के पास से टूटे हुए दो सोने के कुंडल और वारदात में इस्तेमाल की गई काले रंग की बाइक बरामद की है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि पकड़े गए आरोपियों का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

# वाहन से कुचलकर युवक की दर्दनाक मौत



**देर रात हुए हादसे के बाद आज प्रातः हुई मृतक की पहचान**

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** देर रात किसी अज्ञात वाहन से कुचलकर एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा काशीपुर-हरिद्वार राष्ट्रीय राजमार्ग फोरलेन पर स्थित रेहड़ बस स्टैंड का है, जहां हादसे के बाद मिली सूचना पर मौके पर पहुंची रेहड़ पुलिस ने हादसे का शिकार हुए युवक के क्षत-विक्षत शव पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। आज प्रातः शव की पहचान बलराज सिंह उर्फ बल्लू पुत्र प्रेम सिंह निवासी ग्राम दहलावाला के रूप में हुई, जिसके बाद परिजन पोस्टमार्टम हाउस बिजनौर पहुंचे। मृतक के भाई सोमपाल सिंह ने बताया कि बलराज सिंह अविवाहित था। वह एक गैस एजेंसी पर काम करता था और नशे का आदी था। सोमपाल ने बताया कि वह फिलहाल छुट्टी पर था, क्योंकि एक दिन बाद ही बहन का लगन और 8 दिन बाद बहन की शादी है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार वर्मा ने बताया कि परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नहीं आई है।

# पत्रकार दिलशाद अलवी के बड़े भाई का इंतेकाल, किरतपुर में शोक

**किरतपुर ( चिंगारी )।** नगर के वरिष्ठ पत्रकार दिलशाद अलवी के बड़े भाई मोहम्मद अबरार अल्वी का बीती रात इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल की खबर सुनकर आखरी दीदार करने वालों का ताता उनके आवास पर लग गया, उनकी नमाजे जनाजा आज शाम 5 बजे असर की नमाज के बाद अदा की जाएगी। मरहूम मोहम्मद अबरार एक धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे, वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल मन्नान अली, डॉ. जुनेद, डॉ. अहसाल उल करीम, मुस्लिम इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य कैप्टन माजहरनामी, अशोक गुप्ता, पीके चौहान, गौतम सिंह, याकूब मालिक, रोहिल खान, मुसेब सिद्दीकी, अमित अग्रवाल, मुकेश गोयल, परवेज सफ़दर नवाज खां, अली नवाज खां, इकरार नेता, मुदस्सिर जमा खान, अशरफ जमील एडवोकेट, नसीम अर्शी, शाहिद अली खान, नगीना विधायक मनोज पारस व नजीबाबाद विधायक तस्लीम अहमद, मलिक खान, शेख अजमल, पुरुषोत्तम कुमार उर्फ पम्मी, रफीक कुरैशी, मुकर्रम ठेकेदार, फैसल अंसारी, हकीम ताहिर हुसैन, शब्बन जुनैदी, हकीम जफर हुसैन, हकीम अतर हुसैन आदि हैं। चिंगारी परिवार मरहूम अबरार अलवी की मगफिरत की दुआ करता है।

# हनी फैसल का नूरपुर में भव्य स्वागत

**नूरपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल लखनऊ से बिजनौर जाते हुए सोमवार की सुबह करीब दस बजे नूरपुर पहुंचे, जहां शिव मंदिर चौक पर क्षेत्रीय विधायक रामअवतार सैनी,पूर्व लोकसभा प्रत्याशी दीपक सैनी के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ता ने फूल मालाओं से उनका जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद अखिलेश यादव ने जिस भरोसे के साथ उन्हें जिलाध्यक्ष बनाया है मैं पार्टी को विश्वास दिलाता हूं कभी उनके भरोसे को टूटने नहीं दूंगा। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं से कहा कि वह पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाए तथा आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट जाएं। आने वाला समय समाजवादी पार्टी का है और अखिलेश यादव फिर से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री बनेंगे। इस अवसर पर विधायक रामअवतार सैनी, पूर्व प्रत्याशी दीपक सैनी, विधानसभा अध्यक्ष नसीम अहमद, तुषार यादव, नगर अध्यक्ष जुल्फिकार कुरैशी, देवेन्द्र यादव, सईद अंसारी, सरफराज सिद्दीकी, हाजी खादिम समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# बिजनौर में पीएम स्वनिधि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को मिल रहा सस्ता ऋण

**तीन चरणों में 50 हजार तक का लोन, आवेदन प्रक्रिया निःशुल्क, 8 सरकारी योजनाओं का भी मिलेगा लाभ**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** उपजिलाधिकारी एवं परियोजना अधिकारी डूडा वंदना कुशवाहा ने बताया कि भारत सरकार और उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 1 जून 2020 से प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि) योजना जनपद बिजनौर में संचालित की जा रही है। यह योजना जनपद की सभी स्थानीय निकायों तथा 7 चयनित सेंसेस टाउन रशीदपुर, गढ़ी (ब्लॉक मोहम्मदपुर देवमल), कोतवाली, तातारपुर लल्लू (ब्लॉक नजीबाबाद), अल्हैपुर, हुसैनपुर (ब्लॉक धामपुर), सदरूद्दीन नगर (ब्लॉक नहटौर) और बास्टा (ब्लॉक जलीलपुर) में लागू है। उन्होंने बताया कि योजना के तहत रेहड़ी-पटरी विक्रेताओं को सूक्ष्म ऋण उपलब्ध कराया जाता है। इसमें तीन चरणों में ऋण दिया जाता है- पहले चरण में 15,000 रुपये, दूसरे चरण में 25,000 रुपये और तीसरे चरण में 50,000 रुपये तक का लोन बैंकों के माध्यम से उपलब्ध कराया जाता है। इस योजना में किसी प्रकार की मार्जिन मनी नहीं देनी होती है। ऋण के लिए आवेदन ऑनलाइन किया जाता है, जिसके लिए आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होना अनिवार्य है। साथ ही आधार कार्ड से लिंक मोबाइल नंबर, बैंक पासबुक और चालू मोबाइल नंबर आवश्यक दस्तावेजों में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन संबंधित नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत या सेंसेस टाउन कार्यालय में निःशुल्क कराया जा सकता है। योजना के तहत ऋण प्राप्त करने वाले पथ विक्रेताओं को केंद्र सरकार की 8 अन्य योजनाओं— प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जनधन योजना, बीओसीडब्ल्यू पंजीकरण, प्रधानमंत्री श्रमयोगी मानधन योजना, जननी सुरक्षा योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और वन नेशन वन राशन कार्ड योजना का भी निःशुल्क लाभ दिया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक व्यक्ति अपने नजदीकी निकाय कार्यालय, खंड विकास अधिकारी कार्यालय या विकास भवन स्थित डूडा कार्यालय (कमरा संख्या 301) बिजनौर में संपर्क कर सकते हैं।


# जिला पंचायत के पुराने डाक बंगले के वीरान हिस्से में मिली युवक की लाश

**ट्यूबवैल कालोनी के सूरज के रूप में हुई मृतक की पहचान**

**बिजनौर ( चिंगारी )।** यहां रोडवेज बस अड्डे के पास जिला पंचायत के पुराने डाक बंगले के वीरान और सुनसान हिस्से में एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश को देखने के लिए लोगों की भीड़ लग गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव की शिनाख्त का प्रयास किया। थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह के अनुसार मृतक की पहचान ट्यूबवैल कालोनी बिजनौर निवासी सूरज के रूप में हुई है। घटना की सूचना मिलते ही सूरज के परिजन भी घटना स्थल पर पहुंचे। उनका रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि सूरज शराब पीने का आदी था, वह तीन दिन से घर से निकला हुआ था। कल उसके साथ ट्यूबवैल कालोनी का ही एक युवक देखा गया था। पुलिस ने पूछताछ के लिए उक्त युवक को हिरासत में ले लिया है। मृतक सूरज की आयु लगभग 24 वर्ष है। मृतक के गले और सीने पर कुछ खरोंच जैसे निशान हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मौत के सही कारणों का पता पीएम रिपोर्ट से ही पता चलेगा।

# इस बार भी शानदार रहा शेरकोट मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज का रिजल्ट





**शेरकोट ( चिंगारी )।** यूपी बोर्ड परीक्षा में नगर के शेरकोट मुस्लिम फंड गर्ल्स इंटर कॉलेज का परीक्षाफल विगत वर्षों की भांति इस बार भी शानदार रहा। प्रबंधन व स्टाफ और छात्राओं की कड़ी मेहनत के चलते कॉलेज का रिजल्ट इस बार हाईस्कूल 98 प्रतिशत एवं इंटरमीडिएट 99.5 प्रतिशत आने से कालेज में खुशी का माहौल है। हाईस्कूल की छात्रा रिमशा पुत्री शमशाद अहमद 76.66 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम, जबकि आरिफ़ा पुत्री इसरार अहमद और अल्फिया नूर पुत्री महबूब आलम 73.66 ने द्वितीय, जबकि सारिया नाज़ पुत्री सलीम अहमद 72.5 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रही। वहीं इंटरमीडिएट के विज्ञान वर्ग (बायोलॉजी) में सफिया पुत्री नसीम अहमद 77 प्रतिशत प्रथम, नूर अफ्शां व इकरा पुत्री नसीम अहमद 73.80 प्रतिशत द्वितीय और सनोवर पुत्री मौ. तारिक़ 73.20 प्रतिशत तृतीय स्थान पर रही। जबकि इंटरमीडिएट कला वर्ग में राहीन परवीन पुत्री अब्दुल रब ने 79.6 प्रतिशत प्रथम,आसिया परवीन पुत्री मौ. आरिफ 76.2 प्रतिशत द्वितीय और सिदरा पुत्र खुर्शीद अहमद ने 75 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कालेज प्रधानाचार्या नूर अफसा, प्रबंधक मौलाना उबैदुर्रहमान, , मनीष रस्तोगी व स्टाफ ने सभी मेधावी छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। कालेज का रिजल्ट शानदार रहने से स्टाफ और छात्राओं में खुशी का माहौल है।

# नगर पालिका की टीम ने अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** शासन की मंशा के अनुरूप एवं मुरादाबाद के निर्देशों के अनुपालन में नगरपालिका परिषद नजीबाबाद की अधिशासी अधिकारी के आदेशानुसार नगर क्षेत्र में अतिक्रमण को हटाये जाने हेतु नगर पालिका परिषद एवं पुलिस बल की संयुक्त टीम बनाकर मालगोदाम तिराहे से मालन नदी तक सघन अभियान चलाया गया, अभियान का निर्देशन अधिशासी अधिकारी मुक्ता सिंह द्वारा किया गया। अभियान के दौरान पालिका के सफाई एवं खाद्य निरीक्षक आदेश कुमार सैनी, राजस्व निरीक्षक विपिन कुमार चौहान, लिपिक विशेष कुमार, काजी फैसल, रूपेश कुमार टैक्स कलेक्टर, हेमन्त केशले टैक्स कलेक्टर, अवधेश कुमार, मुज्जमिल, पप्पू तथा सफाई नायक प्रीतम, राजेश सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जंगली जानवरों से किसानों की सुरक्षा कराने को डीएफओ को ज्ञापन दिया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** विशाल भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने डीएफओ नजीबाबाद को ज्ञापन देकर किसानों की जंगली जानवरों से सुरक्षा कराने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि ग्राम कामगारपुर के गरीब व छोटे किसानों की कृषि भूमि वन विभाग की भूमि के पास स्थित है। वन विभाग के जगलांत क्षेत्र में अनेकों प्रकार के वन्य जीव रहते हैं, वन्य जीवों द्वारा किसानों की फसलों को बर्बाद किया जाता है। ग्राम कामगारपुर के वाहिद, ऋषिपाल, सत्यपाल, जगराम सिंह, इन्तजार सहित कई गरीब कृषकों की जमीन है, जिसमें गन्ना आदि फसलें खड़ी हैं। इस फसलों को हाथी कई बार उजाड़ देता है, जिससे फसलें बर्बाद हो जाती हैं। नजीबाबाद तहसील के ग्राम मण्डावली, औरंगपुर भिक्कू, नारायणपुर रतन, करौली, भागूवाला, श्यामीवाला, मोहनपुर आदि ग्रामों में बन्दरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। इन ग्रामों में कई छोटे बच्चों को बंदर काटकर घायल कर चुके हैं। बन्दरों बच्चों, बूढ़ी औरतों तथा अन्य कई लोगों पर हमलावर कर देते हैं। क्षेत्र में गुलदार का भी खतरा बना हुआ है। कई ग्रामीणों को गुलदार द्वारा जान से मारने की घटना हो चुकी है। विशाल भाकियू ने लगभग 100 मीटर की कृषि भूमि से किसानों की वन विभाग की भूमि का सीमांकन कराकर गहरी खाई खुदवाने, ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए उचित प्रबन्ध कराने, गुलदारों को पकड़वाने को पिंजरे लगवाने, जानवरों को प्रवेश रोकने के लिए जंगलों में तार-बाड़ लगवाये जाने की मांग की ताकि जंगली जानवरों से किसानों की फसल की रक्षा हो सके। ज्ञापन देने वालों में युवा मण्डल अध्यक्ष शमशाद अहमद, संगठन महासचिव मुस्लिम अहमद, महासचिव शाहिद प्रधान ग्राम करौली, जिला अध्यक्ष नसीम अहमद, ग्राम पंचायत अध्यक्ष असगर अली आदि मौजूद रहे।


वन विभाग के अधिकारी को ज्ञापन देते विशाल भाकियू के कार्यकर्ता।


अच्छे अंक लाने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित करतीं प्रबंधक व प्रधानाचार्या।

## इंटर में देव अग्रवाल व हाईस्कूल में दर्शिका ने कॉलेज टॉप किया

**मंडावली/नजीबाबाद ( चिंगारी )।** महर्षि दयानंद विद्यालय इंटर कॉलेज मुस्सेपुर का हाईस्कूल व इंटरमीडिएट का परीक्षा परिणाम काफी सराहनीय रहा। इंटरमीडिएट की परीक्षा में देव अग्रवाल ने 74.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। मोहम्मद अफ्फान ने 67.40 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान, इनमर्जिया व रूपेश ने संयुक्त रूप से 61.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। हाईस्कूल की परीक्षा में दर्शिका ने 77 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया। पारुल ने 68 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा व निकिता शर्मा ने 66.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। कॉलेज की प्रबंधक कमलेश आर्य, प्रधानाचार्य गरिमा आर्य, अध्यक्ष सुन्दर गोयल, उपाध्यक्ष डॉ. ओमप्रकाश वैध, डॉ. अजयवीर सिंह, गौतम सिंह, गगन आर्य, मोहित कुमार, तनु, शहनाज, फराना, मुकुल सहित काफी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने छात्र- छात्राओं की सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रबंधक कमलेश आर्य व प्रधानाचार्या गरिमा आर्य ने छात्र-छात्राओं को एक-एक पौधा देकर सम्मानित किया।

## मीसम गोपालपुरी को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया

### 'एक शाम मीसम गोपालपुरी के नाम' मुशायरा आयोजित



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** एक शाम मीसम गोपालपुरी के नाम से आयोजित मुशायरे में शायरों ने अपना उम्दा कलाम पेश कर खूब वाह वाही लूटी। इस मौके पर मीसम गोपालपुरी को शॉल ओढ़ाकर व प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मौहल्ला रम्पुरा में अजीज मुल्तानी के निवास पर आयोजित मुशायरे के मुख्य अतिथि आजाद समाज पार्टी के मंडल प्रभारी चेयरमैन खुर्शीद मंसूरी ने कहा उर्दू की महफिलों व मुशायरों से उर्दू को फरोग़ मिलता है। उन्होंने बच्चों को उर्दू की तालीम दिलाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज दिलों को जोड़ने वाली शायरी की जरूरत है। उन्होंने कहा कि देश को आगे बढ़ाने में शायरों का योगदान है। मुशायरे के अध्यक्ष पूर्व चेयरमैन मौअज्जम खां एडवोकेट ने कहा कि मुशायरे दिलों को जोड़ने का संदेश देते हैं। आजादी की लड़ाई में शायरों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। जिसे कभी भी भुलाया नहीं जा सकता है। कारी शाकिर रिजवी के संचालन में आयोजित मुशायरे का आगाज मीसम गोपालपुरी की नात ए पाक से हुआ। उन्होंने कई गजलें सुनकर खूब वाहवाही लूटी। मुशायरे में मेराज बिजनौर, वाहिद जमाल, मौसूफ वासिफ, डॉ. आफताब नोमानी, अमीर, डॉ. नसीम अख्तर, आसिफ मिर्ज़ा, डॉ. इलियास अंसारी, उबैद नजीबाबादी, बहार आलम, हमजा अयाज बिजनौरी, कारी शाकिर रिजवी, कमर अख्तर, हाफिज शादाब, सय्यद अहमद, नसीम नजीबाबादी आदि ने अपना उम्दा कलाम पेश किया। इस मौके पर एमडी खान, नफीस सैफी, साजिद, नदीम सलमानी, अब्दुल रशीद मुल्तानी, शहबाज खान आदि मौजूद रहे। आयोजक अजीज मुल्तानी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## मौहम्मद नदीम व्यापार संगठन के प्रचार मंत्री मनोनीत किये गये



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का एक कार्यक्रम स्टेशन रोड पर नवाब नजीबुद्दौला शाखा की ओर से आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि शाखा अध्यक्ष मोनू टाटा ने मौहम्मद नदीम को प्रचार मंत्री बनाते हुए उन्हें मनोनयन पत्र भेंटकर उनका माल्यर्पण कर स्वागत किया। इस मौके पर मोनू टाटा ने कहा कि वह प्रत्येक व्यापारी की समस्या हल कराने के लिए हर समय प्रयासरत है। इस अवसर पर मार्केट उपाध्यक्ष फराह खान, नगर महामंत्री सुशील कुमार, मीडिया प्रभारी दीपांशु वर्मा, नगर मंत्री शारिक, शाखा मंत्री आशु आदि मौजूद रहे।

## गिफ्ट गैलरी शुभारंभ



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** उत्तराखंड अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री जावेद शम्स, भाजपा नेता लवी अग्रवाल, सभासद शुभम अग्रवाल व विधायक हाजी तसलीम अहमद ने संयुक्त रूप से नगर में एक गिफ्ट गैलरी का फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर आयोग के चेयरमैन श्री शम्स ने कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास पर काम करते हुए सभी वर्गों के कल्याण के लिए काम कर रही है। कार्यक्रम में मोटाआम व्यापार मंडल के अध्यक्ष अली रजा, कातिब अंसारी, दिनेश खन्ना, काशिफ, दानिश, साजिद सहित काफी संख्या में सामाजिक व्यक्ति मौजूद रहे।

## महानिदेशालय की टीम ने किया आकाशवाणी नजीबाबाद का तकनीकी निरीक्षण



**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** आकाशवाणी महानिदेशालय दिल्ली की तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने आकाशवाणी नजीबाबाद के स्टूडियो व ट्रांसमीटर का तकनीकी निरीक्षण किया। टीम ने उच्च क्षमता के आकाशवाणी केंद्र पर एफएम केंद्र स्थापना की श्रोताओं की मांग पर एफएम केंद्र स्थापना की मांग महानिदेशालय तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। महानिदेशालय से आए उप महानिदेशक आरवी राम, आकाशवाणी आगरा कलस्टर के उप महानिदेशक मयंक कुमार ने 26 जनवरी 1978 में स्थापित आकाशवाणी नजीबाबाद केंद्र का तकनीकी निरीक्षण किया। तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने केंद्र उपनिदेशक अभियांत्रिकी तिलकराम, सहायक अभियंता कुशलपाल सिंह के साथ आकाशवाणी नजीबाबाद के समीपुर स्थित ट्रांसमीटर का तकनीकी मुआयना किया। टीम ने पुराने व नए ट्रांसमीटर की तकनीकी गुणवत्ता, रख रखाव व क्षमताओं पर संतोष व्यक्त किया। दिल्ली से आई टीम के उप महानिदेशक आरवी राम व मयंक कुमार ने तकनीकी अधिकारियों तथा नजीबाबाद केंद्र के एडीपी शोभित शर्मा के साथ आकाशवाणी नजीबाबाद के स्टूडियो परिसर स्थित कंट्रोल रूम, स्टूडियो एवं तकनीकी क्षमताओं से जुड़े प्लांट का निरीक्षण किया। दिल्ली से आई तकनीकी विशेषज्ञों की टीम ने आकाशवाणी नजीबाबाद के स्टूडियो को अपडेट करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने केंद्र की तकनीकी क्षमताओं को बेहतर बनाने के लिए नजीबाबाद केंद्र के तकनीकी अधिकारियों व कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश दिये। टीम ने आकाशवाणी के रखरखाव सफाई आदि व्यवस्थाओं सफाई आदि पर संतोष व्यक्त किया। तकनीकी निरीक्षण के बाद नजीबाबाद के स्टूडियो परिसर में उप महानिदेशक आर वी राम और आगरा कलस्टर के उप महा निदेशक मयंक कुमार ने आकाशवाणी नजीबाबाद के कर्मचारियों की उपस्थिति में पौधरोपण किया। निरीक्षण के दौरान तकनीकी विभाग के रजनीश जायसवाल, नीरज कुमार, सुमित कुमार, रवि कलियर, केंद्र के प्रसारण अधिकारी अंकित सैनी आदि आकाशवाणी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बिल्डर पुनीत अग्रवाल को नोटिस जारी जिला बदर करने की तैयारी

**देहरादून ( चिंगारी )।** शहर के सहस्त्रधारा रोड स्थित एटीएस कालोनी में बिल्डर की गुंडागर्दी पर जिला मजिस्ट्रेट कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए गुंडा एक्ट में नोटिस जारी करते हुए 07 दिन के भीतर प्रतिउत्तर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। प्रतिउत्तर प्राप्त न होने के की दशा में जिला बदर की कार्यवाही शुरू कर दी जाएगी। इससे पूर्व भी विवादित बिल्डर पर दीपावली में नाबालिग बच्चों पर पिस्टल लहराने तथा लाईसेंसी शस्त्र को प्रदर्शित करने पर डीएम ने उनका शस्त्र जब्त करते हुए शस्त्र लाईसेंस निलम्बित कर दिया था। आरोपी बिल्डर पर डीआरडीओ वैज्ञानिक के साथ मारपीट एवं उत्पीड़न, नशे में धुत होकर एटीएस आरडब्ल्यूए अध्यक्ष के साथ मारपीट, बच्चों से गाली गलौच, दीपावली पर पिस्टल तानने, बच्चों से गाली गलौच एवं गाड़ी से टक्कर मारने का प्रयास, जनरल बाडी मीटिंग में धमकाने अभद्र भाषा का प्रयोग, आरोपी द्वारा निवासियों एवं आरडब्ल्यूए के सदस्यों को जानबूझकर झूठे मुकदमों एवं निराधार आरोपों में फंसाकर उत्पीड़न करने का प्रयास, विधवा महिला की भूमि को कूट रचित रजिस्ट्री एवं अनाधिकृत कब्जा मामलों के विभिन्न धाराओं में 05 एफआईआर दर्ज हैं। जिलाधिकारी सविन बंसल ने महिला, बुजुर्ग, बच्चे, असहायों की सुरक्षा के दृष्टिगत समय-समय पर कड़े एक्शन लिए है। साथ ही अधिकारियों को सख्त निर्देश हैं कि कानून हाथ में लेकर ऐसा कृत्य करने वालों को किसी भी कीमत पर बख्शा नही जाएगा। बिल्डर के विरूद्ध बीएनएस की धारा 115 (2), 351(2), 352, 74,126(2), 324(4), 447 में पांच मुकदमें दर्ज हैं तथा बिल्डर द्वारा आए दिन कोई न कोई विवाद किए जा रहे हैं। जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत जिला न्यायालय द्वारा स्वत: संज्ञान लेते हुए बिल्डर के विरूद्ध गुंडाएक्ट में बुक करते हुए जिला बदर की तैयारी कर दी है।

### पूर्व में नाबालिग बच्चों पर लहरा चुका है पिस्टल

# चारधाम यात्रा को लेकर धामी सरकार पर बरसे गणेश गोदियाल

## कांग्रेस ने अव्यवस्था को लेकर सरकार को घेरा

**देहरादून ( चिंगारी )।** चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी है। लेकिन इसी बीच सोशल मीडिया पर कुछ ऐसे वीडियो सामने आ रहे हैं, जिसके बाद भीड़ और व्यवस्थाओं को लेकर प्रदेश में सियासत तेज हो गई है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल का कहना है कि सरकार का ध्यान यात्रा की तैयारियों पर रहा ही नहीं, बल्कि सरकार का ध्यान सिर्फ शोबाजी में केंद्रित रहा। उन्होंने कहा कि स्वाभाविक है कि उत्तराखंड के मुख्यमंत्री सिर्फ शोबाजी मे विश्वास रखते हैं। उन्होंने कहा कि विश्वास क्यों ना करें जब देश के प्रधानमंत्री शोबाजी में व्यस्त हैं।

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने कहा कि उन्हें पहले से ही इस बात का अंदेशा था कि यात्रा में दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा, क्योंकि मुख्यमंत्री के यात्रा का जायजा लेने के नाम पर रुद्रप्रयाग से गुप्तकाशी तक बाय रोड जाना यह दर्शाता है। मुख्यमंत्री अपनी सिर्फ इतिश्री कर रहे हैं. अगर मुख्यमंत्री को वाकई चारधाम यात्रा की व्यवस्थाओं का जायजा लेना था तो उनको यात्रा मार्गों के कठिन पैचेज में जाना चाहिए था। गणेश गोदिया ने कहा कि पिछले साल आपदा के दौरान मूलभूत सुविधाओं के साथ साथ सड़कों का जो नुकसान हुआ था, उनका पुनर्निर्माण अब तक नहीं हो पाया है। बेहतर होता कि मुख्यमंत्री को उन जगहों पर जाना चाहिए था लेकिन ऐसा नहीं हुआ। सरकार का ध्यान सिर्फ इस बात पर केंद्रित है कि कहां से पैसा आए।

'गोदियाल यहीं नहीं रुके, उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनाव के समय झूठी लहरें बनाकर चुनाव जीत लिए जाते हैं और अगर कोई इस तरह से झूठी लहरों के सहारे चुनाव जीतता है, तो इसी तरह की तानाशाही ही करता है। अगर कोई चारधाम यात्रा में दिक्कत बताता है तो उन पर मुकदमा दर्ज करके डराओ और धमकाओ, ताकि इस तरह की पुनरावृत्ति कोई दोबारा ना कर सके। उन्होंने सवाल उठाया सरकार की चारधाम यात्रा में क्या व्यवस्थाएं हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने घोड़े खच्चरों पर लगने वाले कर से होने वाली जिला पंचायत की बचत को भी खर्च कर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार की नजर सिर्फ पैसों पर है।

# शराब की दुकान नहीं, पुस्तकालय चाहिये - डा. वर्मा



**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर के समाजसेवी डाक्टर मनोज कुमार वर्मा का कहना है कि स्योहारा में एक सरकारी पुस्तकालय होना चाहिए, जिसमें सभी प्रकार की पुस्तकें हों। डाक्टर वर्मा ने कहा विदेशों में जगह-जगह पुस्तकालय है, लेकिन यहां तो जगह-जगह शराब की दुकानें मिलेगी, तो कैसे विकास होगा। हमें चाहिए कि प्रतिएक तहसील में एक पुस्तकालय होना चाहिए, जिसके बाद नौजवान अपना साथी शराब को नहीं, किताब को बनाएगा। डाक्टर वर्मा ने कहा समाज को एक मुहिम शुरू करनी चाहिए और जगह-जगह पुस्तकालय बनवाने के प्रयास करने चाहिए।

# रमा त्यागी 'एकाकी' के काव्य संग्रह 'एक उदास दिन का गीत' का साहित्य अकादमी दिल्ली में लोकार्पण



**हरिद्वार ( चिंगारी )।** शनिवार को रमा त्यागी 'एकाकी' के काव्य संग्रह 'एक उदास दिन का गीत' का साहित्य अकादमी के सभागार में शानदार लोकार्पण हुआ। कस्तूरी संस्था के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम परिचर्चा की अध्यक्षता दूरदर्शन के भूतपूर्व महानिदेशक श्री अमरनाथ अमर जी ने की। मुख्य अतिथि रहे सुजीत कुमार। डॉ. वंदना वाजपेयी, डॉ. चैताली, त्रिलोक कौशिक जी ने अपने वक्तव्य में कविताओं की समीक्षा की । कार्यक्रम का संयोजन और संचालन डॉ. विशाल पांडेय जी ने किया।

कार्यक्रम में लक्ष्मीशंकर वाजपेयी, ममता किरण, ओम प्रकाश प्रजापति, अशोक, कवि नीरज त्यागी, राजपाल यादव, देव व्रत अन्य, अनिल 'मीत' ग़ज़लकार रजनीश त्यागी 'राज', विवेक कवीश्वर, मीना चौधरी, पूनम मल्होत्रा, डॉ. पूजा भारद्वाज, डॉ. ईशा भारद्वाज शिवम झा कबीर एवं अन्य कवि और साहित्यकारों की उपस्थिति ने कार्यक्रम को शोभायमान किया। कवयित्री रमा त्यागी 'एकाकी' के अनुसार यह काव्य संग्रह स्त्री के मन की उथल पुथल, संघर्ष और जिजीविषा को संजोने का संग्रह है। सुजीत कुमार ने 'एक उदास दिन का गीत' काव्य संग्रह की कविताओं को निराशा में आशा की किरण का उजास बतलाया। डॉ. चैताली जी ने इस संग्रह की कविता 'स्त्री सज़ा देती है हर दर और दीवार को, घर के कोने कोने को स्वयं को सजा देकर' में स्त्री की पीड़ा हर हृदय को स्पर्श करती है। डॉ. वंदना पांडे ने रमा त्यागी की कविताओं को गहन वेदना की सहज अभिव्यक्ति बताया। त्रिलोक कौशिक ने इस काव्य संग्रह की सशक्त भूमिका लिखी है। अध्यक्ष अमरनाथ अमर जी ने उनकी कविताओं को बिखरकर सवरने की कवितायें बताया।

### मूल रूप से राजा का ताजपुर निवासी

**रमा त्यागी 'एकाकी' मूलत: राजा का ताजपुर, बिजनौर से हैं । वर्तमान में वे गाज़ियाबाद रहती हैं। वे एक सेवानिवृत शिक्षिका और लेखिका हैं। उनकी मुक्त छन्द की कविताएं बहुत पसंद की जाती हैं। कविताओं के अलावा वे गीत, गज़ल, मुक्तक, भूमिका और समीक्षा भी लिखती हैं। मंचों पर उनकी कविताओं को बहुत सराहा जाता है और उन्हें कई सम्मानों से नवाज़ा जा चुका है।**

# चौकी प्रभारी ने चलाकर अभियान वाहन चालकों का किया आह्वान

**कोतवाली देहात ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम बरुकी में चौकी प्रभारी राहुल कुमार अपनी पूरी टीम के साथ चैकिंग अभियान चलाकर यातायात के नियम समझा कर वाहन चलकों को जागरुक करते हुए नज़र आए। लोगों को आगाह किया कि हेलमेट आपकी सुरक्षा के लिए है और अपने परिवार के बारे में सोच कर चलोगे तो आप अपनी सेफ्टी खुद करेंगें। उन्होंने वाहन चालकों को चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन न चलाए, कोई भी मोटर रूल्स तोड़ते हुए पाए गए तो, उनके वहान का चालान काटा जाएगा।

# चार धाम में पहुंचे 2.38 लाख से अधिक श्रद्धालु

**देहरादून ( चिंगारी )।** प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री बद्रीनाथ, केदारनाथ, यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम में 02 लाख 38 हजार 590 तीर्थ यात्रियों ने दर्शनों का पुण्य लाभ प्राप्त किया। शनिवार को 55 हजार 998 तीर्थ यात्री चार धाम पहुंचे। श्री बद्रीनाथ धाम में कपाट खुलने की तिथि 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 37,884 तीर्थयात्री धाम पहुंचे। शनिवार को धाम में 13,107 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि 22 अप्रैल से चार दिनों के भीतर 1,24,782 तीर्थयात्री धाम पहुंचे। शनिवार को धाम में 31,160 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। श्री यमुनोत्री एवं गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि 19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक 75,924 तीर्थ यात्रियों ने धामों में दर्शन किए। यमुनोत्री धाम में आज 38,206 तीर्थ यात्रियों ने तथा गंगोत्री धाम में 37,718 श्रद्धालुओं ने दर्शन किए।

# कल मशाल जुलूस निकालेगी भाजपा

**देहरादून ( चिंगारी )।** महिला सशक्तिकरण मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि महिला आरक्षण के विरोध में विपक्षी दलों के रुख से महिलाओं में व्यापक आक्रोश है। इस आक्रोश को अभिव्यक्ति देने के लिए को 28 अप्रैल को एक दिन के विधानसभा सत्र के अलावा उसे दिन शाम को देहरादून में विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि विपक्षी दलों के विरोध के कारण महिलाओं को उनका लोकतांत्रिक अधिकार नहीं मिल पाया। मंत्री ने बताया कि इन जनभावनाओं को अभिव्यक्ति देने और राज्य की आवाज को स्पष्ट रूप से सामने रखने के उद्देश्य से 28 अप्रैल की विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र आहूत किया गया है। इसके अलावा, उसी दिन शाम 6 बजे महिलाओं और भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा मशाल जुलूस निकाला जाएगा। यह जुलूस विपक्षी दलों की महिला विरोधी मानसिकता के खिलाफ आयोजित किया जाएगा।

# चैरिटेबल ट्रस्ट नरावली की ओर से नेत्र जांच शिविर का आयोजन

### ट्रस्ट संरक्षक व टीम प्रभारी को सम्मानित किया



शिविर में धर्मेश चौहान मोमेंटो देकर सम्मानित करते हुए।

**धामपुर ( चिंगारी )।** मुंशी शिवनाथ सिंह मेमोरियल चैरिटेबल ट्रस्ट नरावली धामपुर के सौजन्य से सी एल गुप्ता नेत्र संस्थान मुरादाबाद के तत्वावधान में नेत्र जांच शिविर सत्यधाम धर्मशाला में आयोजित किया गया।

शिविर का शुभारंभ गजराज सिंह योगाचार्य द्वारा फीता काटकर किया गया। सीएल गुप्ता संस्थान से नेत्र जांच विशेषज्ञ सीनियर कोऑर्डिनेटर शाने आलम, चौधरी राजेश कुमार, कशिश बासनी, कनिष्क, रजत शर्मा, काउंसलर आमिर अली, कम्युनिटी वर्कर सरोज देवी ने भाग लिया। ट्रस्ट के अध्यक्ष धर्मेश कुमार ने बताया कि प्रतिवर्ष ट्रस्ट की तरफ से आंखों का कैंप लगाया जाता है। कैंप में 75 मरीजों को चेक किया गया, जिसमें 20 को ट्रस्ट की तरफ से चश्मे दिये गये। 11 मरीजों के कैटरेक्ट व सात की रेटिना में कमी पाई गई। 24 को चश्मा नंबर दिए गए शेष व्यक्ति की आंखें स्वस्थ पाई गईं। शिविर में सचिव श्रीमती गिरजेश ठाकुर, कोषाध्यक्ष श्रीमती रेखा रानी वरिष्ठ नागरिक संगठन के रानी, बाग के अध्यक्ष जगदीश सिंह, जिला महामंत्री शिवकुमार सिंह, उपाध्यक्ष श्रीमती सुनीता नंदा, उमाजी, राम सिंह सैनी आदि उपस्थित रहे। समिति के संरक्षक गजराज सिंह एवं टीम के प्रभारी शाने आलम को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# जिलाध्यक्ष बनने के बाद हनी फ़ैसल आये बिजनौर, स्वागत हुआ पुरजोर

## लखनऊ से लौटते हुये कई स्थानों पर हुआ अभिनंदन, कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने का दिया भरोसा

**बिजनौर ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी के नव-नियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का आज बिजनौर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शहर के विभिन्न स्थानों से लेकर पार्टी कार्यालय तक उनका भव्य अभिनंदन किया गया। लखनऊ से लौटते हुये नूरपुर रोड स्थित इंडियन ढाबे पर मीरापुर विधानसभा क्षेत्र के नेता अजीम अली जैदी ने अपनी टीम के साथ उनका स्वागत किया। इसके बाद कृष्णा कॉलेज तिराहे पर युवा अधिवक्ता मोहम्मद आदिल व अरशद मिर्जा की टीम, जानी चौराहे पर अब्दुल सलाम व सभासद मुस्तकीम की टीम ने फूल-मालाओं से उनका स्वागत किया।

हनी फैसल ने कार्यकर्ताओं के साथ रविदास मंदिर में संत रविदास की प्रतिमा, शास्त्री चौक पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा तथा नुमाइश ग्राउंड चौक पर चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। जजी चौक पर बुलंद अख्तर एडवोकेट सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भी



उनका स्वागत किया। जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिलाध्यक्ष राशिद हुसैन ने की, जबकि संचालन सुहैल बाक़र व अखलाक पप्पू ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर हनी फैसल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नेताओं का सम्मान करते हुए वे छोटे-बड़े सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर संगठन को मजबूत करेंगे। समारोह में विधायक तस्लीम अहमद, विधायक मनोज पारस, पूर्व विधायक नईमुल हसन, निवर्तमान जिलाध्यक्ष शेख जाकिर हुसैन, महमूद कुरैशी भोलू, यशवीर सिंह धोबी, सतपाल सिंह, अशोक आर्य, अहमद खिजर समेत सैकड़ों सपाई मौजूद रहे।

## मानव की सच्ची मार्गदर्शक होती हैं पुस्तकें: सुमन वर्मा

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** नगर की समाजसेवी महिलाओं द्वारा सुमन वर्मा के आवास पर पुस्तक दिवस पर पुस्तक सच्ची मार्गदर्शक विषय से संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में महिलाओं ने कहा कि पुस्तकें मनुष्य की सच्ची साथी होती हैं, इनका अध्ययन कर दुनिया भर की बातों की जानकारी हासिल की जा सकती है। सुमन वर्मा ने कहा पुस्तकों में साहित्य समाज का दर्पण होता है, पुस्तके मानव की सच्ची मार्गदर्शक होती हैं। पुस्तकीय ज्ञान से बौद्धिक विकास होता है। पुस्तकों में ही आयुर्वेद का खजाना भरा पड़ा है। पुस्तकों के माध्यम से ही सृष्टि की संरचना से आज तक का ज्ञान समूचे संसार को बांटा जा रहा है। रूपम व गीता राजपूत ने पुस्तकों को मनुष्य की सच्ची मित्र बताते हुए कहा कि जीवन में पुस्तकों का बहुत महत्व है। सुधा ने बताया पुस्तक पढ़ने से हमें नई-नई जानकारी के साथ बहुत सुकून मिलता है। फूलमाला वर्मा ने कहा कि पुस्तकें हमारे आदर्श सर्वकालिक शिक्षक के रूप में भी हमारे जीवन में शामिल होती है। सुमन वर्मा की अध्यक्षता एवं फूल माला वर्मा के संचालन में संगोष्ठी में गीता राजपूत, सुधा अग्रवाल, आस्था रानी, रूपम आदि मौजूद रहीं।



## छात्रा सबा परवीन ने 67.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** अब्दुल समी मेमोरियल लॉ कॉलेज के बीएएलएलबी तृतीय सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित हुआ, जिसमें छात्रा सबा परवीन ने 67.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम, मोहम्मद अबुज़र एवं मोहम्मद फैज़ ने 67.2 प्रतिशत अंकों के साथ संयुक्त रूप से द्वितीय व साहिल राजपूत ने 66 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। परिणाम घोषित होने पर कॉलेज के प्रबंधक मोहम्मद राशिद (एडवोकेट) ने सभी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के अध्यक्ष मोहम्मद साइम राजा ने छात्रों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें आदर्श अधिवक्ता बनकर देश व समाज की सेवा करने के लिए प्रेरित किया। मौलाना मोहम्मद अली जौहर हायर एजुकेशन इंस्टिट्यूट के प्राचार्य डॉ. मोहित बंसल ने छात्रों की मेहनत व लगन की सराहना करते हुए उन्हें निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कॉलेज के विधि प्रवक्ता नेहा, अतहर जावेद, विवेक व आशीष गौड़ ने भी छात्र-छात्राओं को उनकी सफलता पर बधाई दी।



## फिर से जीत का परचम लहराएगे तसलीम अहमद: जिकरान कुरैशी

**नजीबाबाद ( चिंगारी )।** समाजवादी पार्टी युवजन सभा के पूर्व जिला सचिव मोहम्मद ज़िकरान कुरैशी ने कहा ह कि नजीबाबाद विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर समाजवादी पार्टी के विधायक हाजी तसलीम अहमद 2027 के विधानसभा चुनाव में जीत का परचम लहराका उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने में अपना योगदान देंगे। श्री कुरैशी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में होने वाले आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की ऐतिहासिक जीत होगी तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव मुख्यमंत्री बनेंगे, जिससे उत्तर प्रदेश का चौमुखी विकास होगा। ज़िकरान कुरैशी ने कहा कि विधायक हाजी तसलीम अहमद ने अपने कार्यकाल में ग्रामीण क्षेत्र व शहरी क्षेत्र में हाई मास्क सोडियम लाइट लगाकर उन्हें चमकाने का काम किया है। वही खस्ताहाल सड़कों को तोड़कर नई सड़कों का निर्माण कराया है। सड़को का जाल बिछाया गया है। नजीबाबाद के आजाद चौक पर पूर्व राष्ट्रपति व मिसाइल मैन एपीजे अब्दुल कलाम आजाद के नाम से एक स्मृति द्वार तथा नगीना रोड पर बाबा डॉ. भीमराव अंबेडकर के नाम से दो स्मृति द्वार विधायक हाजी तसलीम अहमद ने अपनी निधि से बनाने का कार्य किया है।



खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।

पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans


सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज


नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

## सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**हल्दौर ( चिंगारी )।** सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल में छात्र परिषद का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें मुख्य अतिथि थाने के एसआई गुरुचरन सिंह गिल, कांस्टेबल नौशाद अहमद व हिमांशु शर्मा रहे। समारोह में छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें मनमोहक नृत्य और प्रेरणादायक भाषण शामिल थे। स्कूल की प्राचार्या सिस्टर सैनेट, सिस्टर धन्या, सिस्टर क्लरेट एवं शिक्षकों ने भी छात्रों को उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सीनियर में उत्कर्ष शर्मा को हेड बॉय और शिवी गुप्ता को हेड गर्ल के रूप में नियुक्त किया गया। वहीं मनु देव को असिस्टेंट हेड बॉय और नैनशी को असिस्टेंट हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। प्राइमरी सेक्शन में गौरांग हेड बॉय और काव्या को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। स्कूल काउंसलर के रूप में तन्वी राजपूत को नामित किया गया। खेल कप्तान रचित बने। रेड हाउस कैप्टन तुषार और गौरी, रेड हाउस वाइस कैप्टन निर्भय और वेदिका, येलो हाउस कैप्टन रक्षित और वैष्णवी, येलो हाउस



वाइस कैप्टन जय और दक्षिका, ग्रीन हाउस कैप्टन अनंत और वैष्णवी आर्या, ग्रीन हाउस वाइस कैप्टन वंश कुमार और परमीता, ब्लू हाउस कैप्टन अनवरत चौहान और रिया, ब्लू हाउस वाइस कैप्टन युवाओं दवास और गौरी बने। मुख्य अतिथि ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई और नेतृत्व के मूल्यों को अपनाने की प्रेरणा दी। मैम अवनीत एवं सर शरद ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। इसी के साथ दोनों ने नये सत्र के क्लास मॉनीटर एवं क्लास प्रीफेक्ट को बैच लगाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन सर ईशप्रिय ने संभाला।

# बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम के उपलक्ष्य में हुई प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

**नांगल सोती (चिंगारी)।** बुद्ध पूर्णिमा (एक मई) पर क्षेत्र के ग्राम कामराजपुर में प्रबुद्ध भारत मिशन के तत्वावधान में प्रभात फेरी, बुद्ध वंदना, सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, बौद्ध धर्म एवं बाबा साहेब डा. अम्बेडकर पर विचार श्रृंखला, लिखित प्रतियोगिता के विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरण सहित कई कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसी कड़ी में आज नूतन इंटर कॉलेज तिसोतरा में लिखित बहुविकल्पीय प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता (एमसीक्यू) का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न गांवों एवं विद्यालयों से लगभग 250 छात्र-छात्रायें उत्साहपूर्वक शामिल हुए। साथ ही कई विद्यार्थियों ने निबंध प्रतियोगिता के लिये स्वलिखित निबंध भी जमा किये। प्रतियोगिता के मुख्य आयोजक बिजनौर में कार्यरत मानसिक रोग विशेषज्ञ डा. नितिन कुमार संघमित्र ने बताया कि प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं भगवान बुद्ध के विचारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा शिक्षा के प्रति और अधिक रुचि विकसित करना है। विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के लिये प्रतियोगिता में कुल 23,700 रूपये की पुरस्कार राशि निर्धारित की गई है, जो विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को एक मई को ग्राम कामराजपुर में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान की जायेगी। साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने वाले विद्यार्थियों को भी प्रोत्साहन राशि एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किये जायेंगे। प्रतियोगिता के आयोजन में परीक्षा समन्वयक, शिक्षक अखिलेश कुमार की विशेष भूमिका रही। इसके साथ ही नूतन इंटर कॉलेज के कार्यवाहक प्रधानाचार्य मनोज कुमार,


प्रबुद्ध भारत मिशन द्वारा आयोजित परीक्षा देते बच्चे

जगवीर सिंह, देवेन्द्र कुमार, जयप्रकाश शर्मा, प्राची शर्मा, निशा ढाका, रिंकल, मोनी कुमार, बंटी कुमार, दीपक कुमार, संदीप कुमार, ओमपाल सिंह, जितेन्द्र कुमार ने भी परीक्षा को सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। यह कार्यक्रम ग्राम कामराजपुर के मूल निवासी तथा इटावा के सीएमओ डा. बृजेन्द्र कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नहटौर, जनपद बिजनौर

पत्रांकः- 365/न.पा.परि.नह./ 2026-27 दिनांकः- 25/04/26

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत/फार्मो/मान्यता प्राप्त संस्थाओं को सूचित किया जाता है कि शासन द्वारा जारी निर्देशों के क्रम व व्यापक जनहित एवं नागरिकों की सुरक्षा के दृष्टिगण बोर्ड बैठक की स्वीकृति की प्रत्याशा में नगर पालिका परिषद नहटौर श्वानवंशीय पशुओं (कुत्तों) का बधियाकरण का कार्य कराना चाहती है। फर्म / मान्यता प्राप्त संस्था के पास श्वानवंशीय पशुओं के बधियाकरण हेतु आधार भूत संरचना एवं शल्य चिकित्सा हेतु उपकरण होने चाहिए, शल्य चिकित्सका पशुओं के निकाले गये अंगों का निस्तारण भारतीय जीव जन्तु बोर्ड द्वारा जारी किये गये दिशा-निर्देशों के अनुरूप करना आवश्यक होगा।

इच्छुक फर्म/संस्था नगर पालिका परिषद नहटौर में श्वानवंसीय के बधियाकरण हेतु अपनी निविदा/दरें आधारभूत संरचना बंद लिफाफे में दिनांक 01.05.2026 से दिनांक 10.05.2026 तक समय अपराह्न 02:00 बजे तक की जायेगी तथा उसी दिन सायं 04:00 बजे से सक्षम अधिकारी के समक्ष खोली जायेगी। किसी भी निविदा को निरस्त करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। उक्त निविदा से सम्बंधित समस्त शर्ते नगर पालिका परिषद नहटौर कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

(ओम गिरि)
अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर

(इनस इकरार)
अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद नहटौर
जनपद-बिजनौर


# अहंकार का त्याग करना चाहिए - मुनि श्री



**किरतपुर (चिंगारी)।** मनुष्य को जीवन में गुरु अवश्य बनाना चाहिए, गुरु के बिना जीवन शुरू नहीं हो सकता है। सन्मार्ग पर चलने और मोक्ष का रास्ता देव शास्त्र गुरू पर सच्चा श्रद्धान प्राप्त किया जा सकता है। उक्त विचार कल बालाचार्य 108 श्री अभिनंदन सागर महाराज ने अपने बिजनौर को विहार करने से पूर्व अग्रवाल धर्मशाला में धर्म सभा को संबोधित करते हुए प्रकट किए। मुनि श्री ने आगे कहा कि हमें तीर्थस्थानों पर भ्रमण करने से पहले अपने मंदिरों की व्यवस्था पर ध्यान देना चाहिए। धर्म के मूल सिद्धांतों पर चर्चा करते हुए कहा कि हमें अपने जीवन में अष्टमूल गुणों का पालन कर धर्म पथ पर बढ़ना चाहिए। मनुष्य को अपने जीवन में अहंकार का त्याग करना चाहिए। जीव दया और जियो और जीने दो जैन धर्म का मूल सिद्धांत है। त्याग धर्म पर बोलते हुए कहा कि सांस लेने के लिए पहले सांस को छोड़ना पड़ता है। जैन समाज ने मुनि श्री को सुहेड़ी तक पैदल विहार कराया, आगे बिजनौर समाज ने उनकी आगवानी की। मुनि श्री को विहार करने में अनिल जैन, संजय जैन, आकाश जैन, अविनाश जैन, रोहित जैन, सुनील जैन, हनी जैन, यतेंद्र जैन, आदि जैन, प्रदीप जैन, अरविंद जैन, बबीता जैन, अंशु जैन, सरिता जैन, अंजलि जैन, उमा जैन, सविता जैन आदि महिलाओं-पुरुषों ने भाग लिया।

# प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर बिक रही निजी कम्पनियों की दवाएं

**स्योहारा (चिंगारी)।** नगर के सरकारी अस्पताल में हाल ही में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र का उद्घाटन किया गया था। इस केंद्र का उद्देश्य मरीजों को कम कीमत पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना है। लेकिन उद्घाटन के कुछ ही दिनों बाद यहां गड़बड़ियों की पोल खुलने लगी है। शनिवार को जन औषधि केंद्र पर प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना की दवाओं के साथ-साथ अन्य निजी कंपनियों की जेनरिक दवा बेचने की एक विडियो बायरल हुई है। विडियो में साफ नजर आ रहा है कि निजी कम्पनी की दवाएं दी जा रही हैं, जिसे कर्मचारी सीधे पॉलिथिन में रखते नजर आ रहा है। संचालन से जब बात की गयी तो उनका कहना है कि ऐसा कुछ नहीं है, यहां सरकारी दवा ही बेची जा रही है। सीएचसी प्रभारी डाक्टर बीके स्नेही का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है, अगर ऐसा है तो जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र पर सिर्फ सरकारी दवाएं ही बेची जाएगीं, जिससे लोगों को लाभ मिल सके।

# लू के थपेड़ों ने लोगों के चेहरे लाल कर दिये

**बिजनौर (चिंगारी)।** इस वर्ष भयंकर गर्मी और लू के थपेड़ों ने लोगों के चेहरे समय से पहले लाल करने शुरू कर दिये हैं। हीट वेब का यह सिलसिला कब थमेगा, यह फिलहाल मुमकिन नजर नहीं आ रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि भोजन में जहां तक सम्भव हो, रसीले फल-सब्जी खाने में इस्तेमाल करें। इनमें खीरा, तुरई, लौकी के साथ-साथ खाने में तरबूज-खरबूजा, ककड़ी, लौकाट आदि है, जो आजकल मण्डियों में पयाप्त मात्रा में उपलब्ध हैं। घरों और कार्यस्थलों पर कूलर और पंखों की पर्याप्त व्यवस्था करें। बचाव के लिये ओआरएस और प्राथमिक उपचार के लिये अवश्यक दवाएं घर में रखी जायें। सिर दर्द, तेज बुखार, पसीना, बेहोशी, कमजोरी, शरीर में ऐंठन आदि लू लगने के प्रमुख लक्षण हैं। हलके कपड़े पहनें, घर से बाहर निकले तो सिर को ढककर निकलें। नीबू पानी, कच्चे आम का शेक, बेल का शर्बत इस्तेमाल करें। छाछ, लस्सी का इस्तेमाल करते रहें।

# सेंट पीटर्स विद्यालय में चल रहा विशेष शिक्षण कार्यक्रम

**किरतपुर (चिंगारी)।** सेंट पीटर्स विद्यालय में छात्रों को आधुनिक तकनीक से जोड़ने के लिए एक विशेष शिक्षण कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत विभिन्न स्तरों पर विभिन्न विषयों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जैसे प्राथमिक स्तर (कक्षा 1-3) यहां मुख्य ध्यान रोबोटिक्स पर है। छात्र सक्रिय रूप से मॉडल्स का निर्माण करना और उनके संचालन की जांच करना सीख रहे हैं। मध्यम स्तर (कक्षा 4-5) छात्र आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) और मशीन लर्निंग की बुनियादी समझ विकसित कर रहे हैं। व्यावहारिक कार्य के तौर पर वे क्रिएटिंग ऐप तैयार कर रहे हैं। इसके साथ ही, इलेक्ट्रॉनिक्स किट की मदद से छोटे सर्किट बनाने का अभ्यास भी कराया जा रहा है। उच्च मध्यम स्तर (कक्षा 6-7) इस चरण में और विभिन्न कंट्रोलर्स का उपयोग सिखाया जा रहा है। छात्र एडवांस कोडिंग के माध्यम से स्वयं के रोबोटिक्स मॉडल तैयार करने पर काम कर रहे हैं। माध्यमिक स्तर (कक्षा 8-10) एयरो डायनामिक्स के सिद्धांतों को समझ रहे हैं और इस क्षेत्र में व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त कर रहे हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना है। नियमित अभ्यास और प्रयोगशाला कार्यों के माध्यम से उन्हें कोडिंग, सर्किट डिजाइनिंग और इंजीनियरिंग के व्यावहारिक पहलुओं से अवगत कराया जा रहा है,



ताकि वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकें। फादर बीजू ने बताया विद्यालय प्रबंधन द्वारा भविष्य की जरूरतों को देखते हुए आने वाले समय में और नई डिजिटल विधाओं को और भी बड़े स्तर पर लागू करने का लक्ष्य रखा गया है।

# अपनी मांगों को लेकर, पूर्व सैनिक बैठे धरना देकर

बिजनौर ( चिंगारी )। सैनिकों एवं पूर्व सैनिकों की विभिन्न समस्याओं को लेकर महात्मा विदुर पूर्व सैनिक वेलफेयर एसोसिएशन के बैनर तले तहसील परिसर में धरना प्रदर्शन किया गया। धरने की अध्यक्षता तहसील अध्यक्ष तरुण सेहरावत ने की।



धरनास्थल पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए तरुण सेहरावत ने बताया कि कोतवाली शहर थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुरा निवासी रवि कुमार, जो वर्तमान में जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं, के परिवार को गांव में उत्पीड़न का सामना करना पड़ रहा है। उनके पिता का निधन हो चुका है और घर पर उनकी मां, पत्नी व बच्चे रहते हैं। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों ने उनके घर के सामने केमिकल युक्त झारा डाल दिया है और उसे हटाने से इंकार कर रहे हैं। साथ ही, पुलिस द्वारा भी परिवार को आएदिन परेशान और धमकाने की शिकायत की गई है। इसी प्रकार एक अन्य मामला हीमपुर दीपा थाना क्षेत्र के ग्राम चौकपुरी का सामने आया, जहां के निवासी रोहित, जो कि सेना में जम्मू-कश्मीर में तैनात हैं, के परिवार के साथ धोखाधड़ी का आरोप है। बताया गया कि गांव के ही विपुल और प्रशांत पुत्र रविंद्र सिंह ने रोहित के भाई राहुल को शराब पिलाकर उसकी जमीन अपने नाम करा ली। इस संबंध में पीड़ित पक्ष द्वारा न्यायालय में कैंसिलेशन वाद तथा तहसील में दाखिल-खारिज निरस्तीकरण के लिए प्रार्थना पत्र दिया गया है। एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि प्रशासन द्वारा अब तक इन मामलों में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे सैनिकों के परिवार खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र न्याय दिलाने और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। धरने में जिला अध्यक्ष अरविंद लाम्बा, हरिओम, प्रशांत कुमार, बृजपाल सिंह, राहुल जवान, नरेश कुमार, यशपाल सिंह, एडवोकेट वीरेंद्र सिंह सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## पेड़ से बांधकर पीटा, मुकदमा दर्ज

नूरपुर ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव फतेहाबाद में उधार के पैसे मांगने पर कुछ युवकों ने एक व्यक्ति की पिटाई कर दी। पुलिस ने तीन युवकों को नामजद करते हुए छह युवकों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। गांव फतेहाबाद निवासी बृजपाल सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव निवासी युवक सौरभ पुत्र सुखवीर सिंह ने ग्यारह माह के लियस उससे 20 हजार रुपए उधार लिए थे। उसका कहना है कि ग्यारह माह बीतने के बाद जब उसने शौरभ से पैसे वापस देने के लिये कहा तो उसने विमल, नमन व तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर अपने खेत पर बुलाकर पेड़ से बांधकर मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर कार्यवाही करते हुए तीन युवकों को नामजद करते हुए तीन अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज किया है। थानाध्यक्ष प्रवेज कुमार ने मुकदमा दर्ज करने की पुष्टि की है।

## विद्यालय और गांव का नाम रोशन किया

कोतवाली देहात ( चिंगारी )। क्षेत्र के गांव बेगमपुर शादी (रामपुर) में स्थित राजकीय इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में अच्छे अंक लाकर अपने विद्यालय एवं अपने गांव का नाम रोशन किया। कक्षा 12 के विज्ञान वर्ग में प्रेम प्रकाश पुत्र श्री अमन सिंह निवासी पित्तनहेड़ी ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम और कुमारी अफीफा ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कक्षा 12 में कला वर्ग में कुमारी अनुशा परवीन पुत्री श्री मोहम्मद नासिर निवासी अकबराबाद ने 88 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। हाई स्कूल में रिद्धि सिंह 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान और द्वितीय स्थान पर हिमांशी राजपूत ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कॉलेज की प्रधानाचार्य श्रीमती सीमा रानी ने विद्यालय में उच्च स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को उनके अभीभावको के साथ सम्मानित किया। वरिष्ठ अध्यापक श्री शाकिर हुसैन ने छात्र एवं छात्राओं को प्रोत्साहित किया। अजय कुमार, करन सिंह, लाल सिंह, एवं श्रीमती उपासना आदि अध्यापकगण ने छात्रों के उज्जवल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी।

## अवैध कोडीन सीरप बेचने के आरोप में दो अभियुक्त गिरफ्तार



नांगल पुलिस द्वारा गिरफ्तार अभियुक्त

नांगल सोती ( चिंगारी )। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि 23 नवंबर, 2025 को बिजनौर के औषधि निरीक्षक (डीआई) उमेश कुमार भारती द्वारा अवैध कोडीन सीरप (औषधि) बेचने के सम्बन्ध में थाना कोतवाली शहर बिजनौर पर तहरीर दी गई थी। थाना कोतवाली शहर पुलिस ने तहरीर के आधार पर अरुण आदि के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया था। रविवार को चैकिंग के दौरान उपरोक्त मुकदमें से सम्बन्धित दो अभियुक्तों अनंत पुत्र बुद्ध सिंह निवासी ग्राम मुकरन्दपुर, थाना हल्दौर को कस्बा हल्दौर में राकेश मेडिकल स्टोर के सामने से तथा अभियुक्त वामिक अली पुत्र अब्दुल वहाब निवासी मुहल्ला किला थाना किरतपुर को नांगल थाना क्षेत्र में चंदक फाटक के पास से गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया तथा न्यायालय के आदेश पर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। उक्त प्रकरण की जांच नांगल थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर द्वारा की जा रही है तथा पूर्व में कई आरोपियों को गिरफ्तार करके जेल भेजा जा चुका है। अभी कई और व्यक्तियों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है।

## नाबालिग लड़की को भगा ले जाने वाला निकला नाबालिग

कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )। एक नाबालिग लड़की को बहला-फुसला कर भगा ले जाने का आरोपी एक बाल अपचारी निकला। जिसे अफजलगढ़ पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में ले लिया है और लड़की को बरामद कर लिया है। एक व्यक्ति ने गत दिनों थानाध्यक्ष अफजलगढ़ को दिए प्रार्थना-पत्र में बताया था कि उसकी 17 वर्षीय नाबालिग पुत्री को बहला-फुसला कर ले जाया गया है, जिसे काफी तलाश किया गया, मगर उसका कोई अता-पता नहीं चल पा रहा है। पुलिस ने इस मुकदमा दर्ज कर लड़की की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए थे। थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि नाबालिग लड़की को बरामद कर लिया गया है और उसे बहला फुसलाकर ले जाने वाले बाल अपचारी को भी अपनी अभिरक्षा में लेते हुए जरूरी कार्यवाही की गई है।

## बाइकों की टक्कर में दो लोग घायल

शेरकोट ( चिंगारी )। गांव रामसहायवाला मार्ग पर दो बाइकों की हुई आमने सामने की टक्कर में दो लोग घायल हो गए। घायलों को उपचार हेतु शेरकोट 108 एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी धामपुर ले जाया गया। कल दोपहर क्षेत्र के ग्राम रामसहायवाला निवासी अनीस अहमद बाइक पर सवार होकर शेरकोट से अपने घर वापस लौट रहे थे। गांव के निकट स्थित मोड़ पर पहुंचे पर सामने से आयी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। जिससे अनीस अहमद और दूसरी बाइक पर सवार नगर के मुहल्ला इमामबाड़ा निवासी मौ. शाहरूख सड़क पर गिरकर घायल हो गए। मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों घायलों को उपचार हेतु एम्बुलेंस की मदद से सीएचसी धामपुर पहुंचा दिया। घायलों में अनीस अहमद की हालत गंभीर बताई जा रही है।

### झाड़ियां बन रही हादसों का कारण

ग्राम रामसहायवाला निवासी समाजसेवी इमरान नवाज, दीपक शर्मा, भारत सिंह, डॉ. नीरज कुमार आदि ने बताया कि गांव के मुख्य मार्ग पर स्थित मोड़ पर सड़क किनारे दोनों ओर घनी झाड़ियां खड़ी हैं। जिस कारण वाहन चालकों को सामने से आने वाला दिखाई नहीं देता और आये दिन सावधानी हटते ही दुर्घटना घटित हो जाती है। ग्रामीणों ने हादसों का कारण बन रही झाड़ियों का साफ कराने की मांग की है।

## घायल माहे ने दम तोड़ा

शेरकोट ( चिंगारी )। जंगल से घायल अवस्था में आबादी के पास पहुंचे माहे की कुछ देर बाद मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे वनकर्मी ग्रामीणों से जानकारी कर शव को अपने साथ ले गए। जानकारी के अनुसार रविवार की दोपहर गांव हादकपुर निवासी अर्जुन सिंह, विकास कुमार, अभिषेक कुमार, विक्की, विशाल कुमार, छोटू आदि लोग जंगल की ओर जा रहे थे, जब ये गांव से निकले तो उन्हें गांव के पास स्थित खेत में एक माहा घायल अवस्था में पड़ा दिखाई दिया। कुछ देर बाद उसकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने बताया कि माहे की पीठ पर एक गहरी चोट का निशान था। ग्रामीणों द्वारा इस मामले की सूचना वन विभाग के अधिकारियों को दी गई। जिस पर वनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और ग्रामीणों से आवश्यक जानकारी कर माहे के शव को अपने साथ ले गए। डिप्टी रेंजर हरदेव सिंह ने बताया कि माहे के गहरी चोट का निशान है। पशु चिकित्सक से जांच कराने के बाद शव का निस्तारण करा दिया जाएगा।

## जिलाधिकारी जसजीत कौर ने किया सीमावर्ती क्षेत्र का दौरा

रायपुर सादात ( चिंगारी )। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने शनिवार को जनपद के सीमावर्ती क्षेत्रों का दौरा कर विकास कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्राम मोटाढाक, कोड़िया, तेलीपाड़ा और जहानाबाद में निर्माणाधीन पेयजल योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कार्य की गुणवत्ता, प्रगति और समयबद्ध पूर्णता को लेकर संबंधित अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि पेयजल जैसी महत्वपूर्ण योजना में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और कार्य निर्धारित मानकों के अनुरूप ही पूर्ण होना चाहिए। इसके पश्चात जिलाधिकारी ने ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की जनशिकायतों



को गंभीरता से सुना। ग्रामीणों द्वारा पानी, बिजली, सड़क व अन्य मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी समस्याएं रखी गईं। जिलाधिकारी ने मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और कहा कि आमजन की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

# बिजनौर में तीसरी बार, परशुराम शोभायात्रा निकली शानदार

## गूंजे भगवान परशुराम के जयकारे, एकजुट हुये ब्राह्मण सारे







**विपिन भारद्वाज**

**बिजनौर (चिंगारी)।** सर्व ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में रविवार को स्थानीय रामलीला मैदान से भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष्य में तीसरी बार बिजनौर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिससे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया।

भगवान परशुराम के गगनभेदी जयकारों के साथ निकाली गई शोभायात्रा में युवाओं का जोश देखते ही बनता था। पीले वस्त्र, सिर पर पगड़ी व गले में पीली पट्टिका और ललाट पर तिलक धारण किये तथा हाथ में फरसा लिये पूरे जनपद से आये ब्राह्मण समाज के लोग शोभायात्रा के साथ चल रहे थे। चार बैंडबाजों की भक्तिमय धुन के साथ देवी-देवताओं की आकर्षक झांकियां आकर्षण का केंद्र रहीं। जिन्हें देखने के लिये सड़कों के दोनों ओर हुजूम उमड़ पड़ा। शोभायाा का सबसे बड़ा आकर्षण भगवान परशुराम का फूलों से सजा डोला था, जिस पर से श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जा रहा था। नगर में जगह-जगह शोभायात्रा का पुष्प वर्षा से तथा आरती उतारकर व जलपान कराकर स्वागत किया गया। इससे पूर्व रामलीला मैदान में पुरोहित संघ द्वारा यज्ञ-हवन का आयोजन किया गया, जिसमें आहुतियां देकर विश्व शांति की प्रार्थना की गई। भजन और संगीतमय कार्यक्रमों के पश्चात नगर व दूर-दूर से आये ब्राह्मण समाज के लोगों का पटका पहनाकर मंच पर स्वागत किया गया।

### ब्राह्मणों को एकता के सूत्र में पिरोने में सफल रहा कार्यक्रम

**ब्राह्मण समाज के सभी संगठनों को एक मंच सर्वब्राह्मण समाज में लाकर व युवाओं को अग्रणी रखकर भव्य शोभायात्रा निकालकर ब्राह्मण समाज ने अपनी एकता शक्ति का प्रदर्शन किया।**





**शोभायात्रा की भव्यता व अनुशासन देखकर सभी लोग हैरत में रह गये। समाज के सभी लोगों ने तन, मन, धन से सहयोग किया।**



### पुष्प वर्षा के साथ स्वागत

नगर में अनेक स्थानों पर शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया गया। नगर पालिका चौराहे पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती इन्दिरा सिंह एवं वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ बीरबल सिंह द्वारा शिविर लगाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष साकेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व एमएलसी सुधीर पाराशर, नामित सभासद आशीष अग्रवाल एवं नगर पालिका सभासदगण मौजूद रहे। पूर्व भाजपा जिला महामंत्री विनय राणा द्वारा भी शोभायात्रा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया।

डॉ. बीना प्रकाश हॉस्पिटल के पास ब्राह्मण महासभा के द्वारा कोल्ड ड्रिंक के साथ शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शक्ति चौक पर वीर सेना ने स्वागत किया। शोभायात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर डॉ. मदन मोहन चौराहे से रम्मू का चौराहा, पोस्ट ऑफिस व शक्ति चौक से होती हुई शहनाई बैंकेट हॉल पर पहुंचकर आरती व प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुई।

### कई दिनों की मेहनत रंग लाई

**पिछले कई दिनों की कड़ी मेहनत का परिणाम रहा कि कार्यक्रम ऐतिहासिक रहा। ब्राह्मण समाज द्वारा पिछले कई दिनों से दिन-रात अलग अलग टोलियां बनाकर समाज के लोगों से संपर्क कर उन्हें निमंत्रण पत्र वितरित किये जा रहे थे। सुबह से ही लोगों का रामलीला मैदान में पहुंचने का क्रम शुरू हो गया था।**

## भगवान परशुराम शोभायात्रा में नजीबाबाद के श्रद्धालुओं ने किया प्रतिभाग



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** ब्राह्मण समाज के तत्वावधान में जनपद बिजनौर में रविवार को भगवान परशुराम जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में निकाली गई तृतीय भव्य शोभायात्रा में नजीबाबाद ब्राह्मण समाज के काफी संख्या में लोगों ने प्रतिभाग कर शोभायात्रा की सफलता पर हर्ष जताया। इस यात्रा में समाज के सभी वर्गों का सहयोग देखने को मिला एवं आपसी एकता व भाईचारे का संदेश दिया। शोभायात्रा में पूर्व एमएलसी सुबोध पाराशर, डॉ. अरविंद शर्मा, विभोर कौशिक, शोभित शर्मा, विशाल भारद्वाज, प्रफुल्ल वशिष्ठ, शुभम वशिष्ठ, पुष्पेंद्र कौशिक, दीपक वशिष्ठ, अक्षय शर्मा, शिवम शर्मा, हर्ष पाराशर, अभिषेक पाराशर, सिद्धार्थ शर्मा, मोहित शर्मा, गौरांग शर्मा, नीरज शर्मा आदि उपस्थित रहे।

## सलामत रहे जोड़ी तुम्हारी



**अफजलगढ़ (चिंगारी)।** शहर की तकिये वाली मस्जिद में एक सादगीपूर्ण और रूहानी माहौल में निकाह का आयोजन किया गया। शहर की मरकज़ वाली मस्जिद के इमाम मौलाना मुख्तार अहमद कासमी की बेटी सालेहा मुख्तार का निकाह मौलाना मोहम्मद अखलाक जसपुरी के साहबजादे मौलाना मोहम्मद हुजैफा के साथ संपन्न हुआ। निकाह की रस्म दारुल उलूम देवबंद से तशरीफ लाए बुजुर्ग आलिम-ए-दीन मौलाना मुज़म्मिल कासमी ने अदा कराई। निकाह से पहले अपने खिताब में उन्होंने मौजूद उलेमा-ए-किराम और दानिशवरों को संबोधित करते हुए फरमाया कि निकाह आधा ईमान है। निकाह इंसान को बुराइयों से बचाने का जरिया बनता है। उन्होंने हदीस का हवाला देते हुए कहा कि जो शख्स अपनी जुबान और अपनी शर्मगाह की हिफाजत की जिम्मेदारी लेता है, उसके लिए जन्नत की बशारत दी गई है। निकाह के बाद हजरत मौलाना शफीक अहमद कासमी ने दुआ कराई और नवदंपति के लिए खुशहाल जिंदगी की दुआएं मांगी गईं। इस मौके पर मौलाना मोहम्मद उमर, मुफ्ती जहीर नदवी, कारी शाहिद रसूलपुरी, कारी हसीबुर्रहमान, मुफ्ती रियाजुद्दीन, कारी मोहम्मद इम्तियाज, मौलाना गुफरान, मौलाना अकरम रसूलपुरी, कारी अब्दुल रहमान, मुफ्ती जमशेद आलम सहित बड़ी संख्या में उलेमा-ए-किराम और स्थानीय लोग मौजूद रहे।


## सूचना

सूचित किया जाता है कि दरगाह-ए-आलिया नजफ़ हिन्द जोगीपुरा, नजीबाबाद, जिला बिजनौर पर इस साल सालाना मजालिस के प्रोग्राम का आयोजन 21 मई 2026 से 24 मई 2026 तक किया जा रहा है। इस सिलसिले में मीठा, कोल्ड ड्रिंक, आइसक्रीम, बिजली, हैंडपाइप, टंकी आदि काम के ठेके दिनांक 03/05/2026 दिन रविवार समय सुबह 10:00 बजे दिये जाएगे ।

अत: इच्छुक हजरात उक्त दिनांक को समय से दरगाह-ए-आलिया नजफ़ हिन्द जोगीपुरा, नजीबाबाद, जिला बिजनौर आकर ठेका ले सकते हैं।

**-कार्यालय दरगाह-ए-आलिया नजफ़-ए-हिंद, जोगीपुरा, जिला बिजनौर**

# भारत की सांस्कृतिक धरोहर एवं जीवन दायिनी है गंगा : सुनील शेट्टी

## फिल्म अभिनेता ने सपत्नीक की परमार्थ गंगा आरती

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** उत्तराखण्ड में पावन गंगा तट पर आयोजित दिव्य एवं भव्य परमार्थ गंगा आरती के अवसर पर भारतीय फिल्म जगत के सुप्रसिद्ध अभिनेता सुनील शेट्टी एवं उनकी पत्नी माना शेट्टी ने सहभाग कर माँ गंगा का आशीर्वाद प्राप्त किया। परमार्थ गुरूकुल के आचार्यों व ऋषिकुमारों ने भारतीय संस्कृति के अनुरूप पुष्पमालाओं एवं वैदिक मंगल ध्वनियों से उनका स्वागत, अभिनन्दन किया।

सुनील शेट्टी व उनकी धर्मपत्नी माना शेट्टी और उनके ईष्ट मित्रों ने श्रद्धाभाव से गंगा पूजन किया। सुनील शेट्टी ने कहा कि मां गंगा भारत की आध्यात्मिक चेतना, सांस्कृतिक विरासत और जीवनदायिनी शक्ति का प्रतीक हैं। उन्होंने



अभिनेता सुनील शेट्टी व उनकी पत्नी माना शेट्टी को आशीर्वाद देते हुए स्वामी चिन्मयानंद।

भारतीय संस्कृति, सनातन परंपराओं तथा प्रकृति संरक्षण के प्रति अपनी गहरी श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि भारत की आध्यात्मिक परंपराएं संपूर्ण विश्व को शांति, संतुलन और सह-अस्तित्व का संदेश देती हैं। उन्होंने युवाओं से आग्रह किया कि वे अपनी सांस्कृतिक धरोहर, नैतिक मूल्यों एवं आध्यात्मिक परंपराओं को समझें और उन्हें आगे बढ़ाने में योगदान दें। स्वामी चिदानन्द सरस्वती ने कहा कि मां गंगा केवल जलधारा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, चेतना, करुणा और आध्यात्मिक जीवन की अमृतधारा हैं।

## जीआईसी जयदेवपुर की ज्योति ने कमाल दिखाया प्रदेश की मेरिट लिस्ट में आठवां स्थान पाया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** राजकीय इंटर कॉलेज जयदेवपुर सिगड्डी का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम संतोषजनक रहा। हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा ज्योति कबडाल ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 500 में से 480 अंक (96 प्रतिशत) प्राप्त किये तथा गणित विषय में शत-प्रतिशत (100/100) अंक हासिल किये। इस शानदार उपलब्धि के साथ उन्होंने प्रदेश की मेरिट सूची में आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। कुल 28 छात्र-छात्राओं में से 27 छात्र सफल रहे और 96 प्रतिशत रिजल्ट रहा, जिनमें से 13 छात्रों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। वहीं, इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 22 छात्र-छात्राओं में से 20 छात्र सफल घोषित हुए और 90 प्रतिशत रिजल्ट रहा, जिनमें 14 छात्रों ने प्रथम श्रेणी से सफलता प्राप्त की। विद्यालय के प्रधानाचार्य शोबेंद्र जोशी एवं समस्त स्टाफ ने ज्योति कबडाल की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी। साथ ही, विद्यालय के परीक्षा परिणाम को संतोषजनक बताते हुए भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन की आशा व्यक्त की।

## एक तो गर्मी ने झुलसाया, दूसरे पानी ने तरसाया

### शिवराजपुर में पानी की सप्लाई है ठप

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** भाबर क्षेत्र के अंतर्गत वार्ड नंबर 32 शिवराजपुर में पिछले कुछ दिनों से पेयजल की किल्लत बनी हुई है। क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी के बीच पेयजल आपूर्ति बाधित होने से लोगों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। क्षेत्रवासियों का आरोप है कि जल संस्थान की ओर से पेयजल की वैकल्पिक व्यवस्था भी नहीं की गई है। उन्होंने वैकल्पिक व्यवस्था करने व नलकूप को जल्द ठीक करा पेयजल आपूर्ति सुचारू करने की मांग उठाई है।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य आलोक रावत, बबली देवी, सलोनी, किरन, विजय, मोहन सिंह आदि ने बताया कि उनके वार्ड शिवराजपुर में जल संस्थान के 45 नंबर ट्यूबवैल से पेयजल आपूर्ति होती है। इसके अलावा उमरावनगर कॉलोनी के प्राइवेट ट्यूबवैल को भी इससे इंटरकनेक्ट किया गया है। इसके बावजूद क्षेत्र में लो प्रेशर की समस्या बनी हुई थी। क्षेत्रवासियों की मांग पर जल संस्थान की ओर से अधिक क्षमता की मोटर लगाई गई, लेकिन इसके बावजूद लो प्रेशर होने के कारण मोटर भी पानी नहीं खींच पा रही है। पिछले तीन दिनों से पेयजल आपूर्ति पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है, जिससे क्षेत्र में पड़ रही भीषण गर्मी में लोगों की मुश्किलें और भी बढ़ गई है। क्षेत्रवासियों ने आरोप लगाया कि जल संस्थान की ओर से उन्हें बिल भी समय पर नहीं दिए जा रहे हैं। कर्मचारी की ओर से क्षेत्र के सभी बिल एक दुकान में दे दिए जाते हैं। जिससे क्षेत्रवासी समय पर बिलों का भुगतान भी नहीं कर पाते हैं। उन्होंने क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति सुचारू करने व क्षेत्रवासियों को समय पर बिल देने की मांग की है।

## 34 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी 31 ने प्रथम श्रेणी प्राप्त की

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** शांति वल्लभ मेमोरियल इंटर कॉलेज मानपुर में 34 छात्र-छात्राओं ने सफलता प्राप्त की, जिसमें 31 छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुये। विज्ञान वर्ग के छात्र दिव्यांश द्वारा 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया गया। शुभम रावत ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और मानसी ने 80 प्रतिशत अंक पाकर तीसरा स्थान प्राप्त किया। दिव्यांश ने भौतिकी में 100 प्रतिशत और रसायन शास्त्र में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसके अलावा अवनीश पटवाल, साक्षी कुमारी, देवेंद्र, दिव्या, निहारिका, प्रिया ने इंटर विज्ञान की परीक्षा उत्तीर्ण की।

## परेशान हैं पीएम आवास के लाभकारी दूसरी किस्त नहीं हो रही जारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर के जनप्रतिनिधियों व लाभार्थियों ने पीएम आवास की दूसरी किस्त जारी करने की मांग की है। उन्होंने इस संबंध में नगर आयुक्त पीएल शाह को ज्ञापन सौंपा है। पार्षद सुखपाल शाह, पार्षद सीता देवी व पूर्व प्रधान कृष्ण चंद खंतवाल ने ज्ञापन में कहा कि 2022-23 में क्षेत्र के कई लाभार्थियों के आवास योजना में स्वीकृत हुए थे। मार्च, 2025 में प्रथम किस्त के रूप में 20,000 रुपये की धनराशि लाभार्थी की खाते में आई। कहा कि उसके बाद कई लाभार्थियों के खाते में दूसरी किस्त नहीं पहुंची। कहा कि 2019-20 में स्वीकृत पीएम आवास योजना में कुछ लाभार्थियों को तीन से पांच साल बाद भी अंतिम किस्त नहीं मिली है। उन्होंने आवास का निर्माण कार्य पूरा करा लिया है और जियो टैगिंग भी हो चुकी है। कहा कि जिन लाभार्थियों ने समूह से लोन लेकर अपना आशियाना बनाया, अंतिम किस्त न मिलने से वह अपने कर्ज नहीं चुका पा रहे हैं। कहा कि जिन लोगों ने 2.0 में नए आवेदन किए हैं, उनका सर्वे करवा कर उन्हें भी इस योजना से लाभ दिया जाए।

## वरिष्ठ नागरिकों की मदद को सभी लोग आगे आयें

### बैठक में उठाई गई जनसमस्याएं

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** सेवानिवृत्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण समिति कोटद्वार शाखा की एक बैठक में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सामाजिक दायित्व निभाने की बात कही गई। कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की मदद के लिए सभी को आगे आना चाहिए। वन विभाग के अरण्य सभागार में रामकृष्ण बुड़ाकोटी की अध्यक्षता में हुई बैठक में पिछली बैठक की समीक्षा की गई। अध्यक्ष आरपी पंत ने कहा कि अब गर्मी बढ़ने लगी है इसलिए प्राकृतिक संपदा को अग्निकांडों से बचाने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को गंभीर और जागरूक होना होगा। उन्होंने वन विभाग द्वारा सहयोग मांगे जाने पर इसके लिए, तैयार रहने का आह्वान किया। वक्ताओं ने इन दिनों कुकिंग गैस सिलिंडर के मुद्दे पर भी चर्चा की। किसी भी सेवानिवृत्त कर्मचारी के साथ सिलिंडर की समस्या उत्पन्न होने पर उसकी मदद के लिए तैयार रहने का निर्णय लिया गया। समिति के अध्यक्ष आरपी पंत के संचालन में हुई बैठक में दुगड्डा रेंज से सेवानिवृत्त हुए अमर सिंह को समिति की सदस्यता दी गई। वहीं, समिति सदस्यों ने अमर सिंह के सेवानिवृत्त होने और समिति में शामिल होने पर स्वागत किया। इस मौके पर माह के द्वितीय शनिवार को समिति की बैठक आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। बैठक में अनिल कुकरेती, नवीन चंद्र जोशी, सुरेश मधवाल, गणेश डोभाल, केशीराम निराला, आरए खान, आरपी जोशी, कुंदन सिंह राणा आदि मौजूद रहे।

## यूओयू के अध्ययन केन्द्र डिग्री कॉलेज में इंडक्शन प्रोग्राम का आयोजन

### नव प्रवेशित छात्रों को दी नियमों व गतिविधियों की जानकारी

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय (यूओयू) के अध्ययन केंद्र डिग्री कॉलेज कोटद्वार में एक इंडक्शन प्रोग्राम (दीक्षा समारोह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य नवप्रवेशित छात्रों को विश्वविद्यालय की कार्यप्रणाली, नियमों और शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य ने की जबकि संचालन अध्ययन केंद्र के सहायक समन्वयक डॉ. कपिल थपलियाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर अध्ययन केंद्र की समन्वयक प्रो. राखी डिमरी ने छात्रों को विश्वविद्यालय के नियमों, अकादमिक कैलेंडर, ऑनलाइन असाइनमेंट जमा करने की प्रक्रिया, परीक्षा प्रणाली एवं काउंसलिंग सत्रों की उपयोगिता के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रो. डिमरी ने अपने संबोधन में कहा कि मुक्त शिक्षा प्रणाली में सफल होने के लिए स्वयं-अध्ययन के साथ तकनीकी ज्ञान भी अत्यंत आवश्यक है। इंडक्शन प्रोग्राम का उद्देश्य छात्रों को इन सभी पहलुओं के प्रति जागरूक करना है। इंडक्शन कार्यक्रम के उपरांत परिसर में पुस्तक मेले का भी आयोजन किया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम से संबंधित आवश्यक पुस्तकें वितरित की गईं, जिससे वे समय पर अपनी पढ़ाई प्रारंभ कर सकें। छात्रों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उत्साहपूर्वक भागीदारी की। कार्यक्रम के दौरान प्राचार्य ने नवप्रवेशित छात्रों को बधाई देते हुए निरंतर अध्ययन के लिए प्रेरित किया तथा आश्वासन दिया कि अध्ययन केंद्र छात्रों की हर शैक्षणिक समस्या के समाधान के लिए सदैव उपलब्ध रहेगा। इस अवसर पर डॉ. संदीप किमोठी एवं डॉ. अनुपम कोठारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में उमेश खुगशाल, संदीप चौहान, कुलदीप रावत एवं कमलेश कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

जीवन के सच्चे प्रतीक को हमारा नमन

प्रथम पुण्यतिथि
स्वर्गीय लता शर्मा
(03/05/1962-28-04-2025)
आपकी पहली पुण्यतिथि पर हमारा परिवार अश्रुपूरित नेत्रों से आपको श्रद्धासुमन अर्पित करता है।
नरेन्द्र कुमार शर्मा (पति) एवं समस्त परिवार
मौ. विदुर नगर, बुखारा, बिजनौर मो. 9756994690

# चोरी की मोटरसाइकिल के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

## चोरी की एक अन्य मोटरसाइकिल झाड़ियों में मिली



**चांदपुर (चिंगारी)।** पुलिस ने चोरी की एक मोटरसाइकिल के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया, पुलिस ने उसकी निशानदेही पर झाड़ियों में छुपाई गई एक मोटरसाइकिल बरामद की। ग्राम नूरअलीपुर भगवंत थाना कोतवाली देहात निवासी मौ. अहसान पुत्र सुक्खे ने 17 अप्रैल को थाने में दी गई तहरीर में बताया था कि चोरों ने उसकी मोटरसाइकिल स्पेलेंडर संख्या यूपी 20 बीक्यू 3199 चोरी कर ली। रविवार को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अंकित पुत्र ऋषिपाल निवासी नन्हेड़ा थाना नहटौर को गिरफ्तार किया, पुलिस को उसके पास से चोरी की मोटरसाइकिल स्पेलेंडर प्लस जिसके आगे नम्बर प्लेट नहीं लगी है, जिसके पीछे रजिस्ट्रेशन संख्या यूपी 20 बीक्यू 3199 की नम्बर प्लेट लगी है बरामद की। पुलिस द्वारा की गई पूछताछ में अंकित ने बताया कि उसने एक मोटरसाइकिल संख्या यूपी 23 एजे 8051 भी चोरी की थी, जिसे उसने ग्राम खेड़की के जंगल में अंडरपास की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर झाड़ियों में छिपा रखा है। उक्त मोटरसाइकिल को उसने नूरपुर नुमाइश से चोरी किया था। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक सागर चौधरी, हेड कांस्टेबिल नरेश पूनिया, विपिन खोखर, कांस्टेबिल रणजीत मलिक शामिल थे।

## यूपी में बदलेगा मौसम, गर्मी से मिलेगी मामूली राहत

**लखनऊ (एजेंसी/चिंगारी)।** भीषण गर्मी और लू के प्रकोप का सामना कर रहे उत्तर प्रदेश में अगले 24 से 48 घंटे में आंधी और बूंदाबांदी के आसार हैं जिससे तापमान में मामूली गिरावट का अनुमान है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के दक्षिणी, मध्य और पूर्वी हिस्सों में अधिकतम तापमान 44 से 46 डिग्री सेल्सियस के बीच दर्ज किया जा रहा है, जबकि कई जिलों में तापमान सामान्य से काफी ऊपर बना हुआ है। आगामी 3 से 4 दिनों तक तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस की और बढ़ोतरी के बाद हल्की गिरावट की संभावना जताई गई है। विभाग के अनुसार 28 अप्रैल के बाद प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू की चेतावनी नहीं है और तापमान में हल्की गिरावट संभव है।

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना

"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रों को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तकें एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) | Pranab Rajput (M.B.B.S) | Roopali (M.B.B.S) | Vanshika Singh (IIT) | Avantika Rana (M.B.B.S) | Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928

मिर्गी दौरे
(मिर्गी के लक्षण)
1. अचानक बेहोश हो जाना 2. हाथ-पैर ऐंठ जाना 3. शरीर का अकड़ना 4. मुंह से झाग निकलना 5. मुट्ठियां कसना, आंखें पथराना


डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), M.I.P.S., M.I.E.A., F.I.P.S. (Fellow of Indian Psychiatry Society)
डा. अर्सलान अय्यूब

M.B.B.S. (TU), M.I.P.S., Member of Indian Psychiatry Association
(मानसिक रोग एवं उनके लक्षण)
1. डिप्रेशन, उदासी घबराहट (DEPRESSION) 2. पागलपन, गालियाँ देना, कानों में आवाजे आना, मारपीट, तोड़-फोड़ करना (SCHIZOPHRENIA) 3. शक की बीमारी, बार-बार हाथ धोना, ताले चेक करना (O.C.D) 4. नशा मुक्ति (शराब, भांग, सिगरेट) (DE ADDICTION) 5. बच्चों का मन्द बुद्धि होना, चिड़चिड़ा होना (ADHD), (AUTISM) 6. सरदर्द, सर का भारी होना, आधे सर में दर्द होना (MIGRAINE) 7. सेक्स समस्याएं (E.D) निसंतान
45 वर्ष से आपकी सेवा में
मार्शल मिर्गी एवं मानसिक चिकित्सा केन्द्र
पता-निकट चन्द्रा टाकीज़ सेन्ट्रल बैंक के सामने,
मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) मो.- 9997892556, 9997411423


Gents Specialist
Suit | Sherwani | Pant Shirt | Fancy Coat | Ladies Coat
CLASSIC TAILORS
9927060150
CLASSIC SHOES
CLASSIC Shoes
M: 9897041426
NIKE | PUMA | SKECHERS | WOODLAND | RED CHIEF | Lee Cooper | campus
Add.: Chahshireen Road, Bijnor

Kajaria TRANSFORM YOUR WORLD
Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom

DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
TILE O GRIP BONDING CHEMISTRY
Nanotechnology Based SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
सभी प्रकार की सीलन से सुरक्षा
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर